




# दैनिक छत्तीसगढ़ गौरव

डाक पंजीयन क्रमांक :जी2-112/सी.जी/बी.एल.पी./032/ 2024-2026

website:- chhattisgarhgaurav.in



इंदौर स्वीट्स

नमकीन और मिठाईयों की लंबी श्रृंखला के बाद अब केशर कुल्फी और दही कचौड़ी

हमारा विश्वास हैं

एक बार खायेगें, बार-बार आयेगें...

पावर हाऊस रोड, कोरबा

फोन-222833,222733



वर्ष 25 अंक 327 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रूपये | सोमवार 02 मार्च 2026 डाक-मंगलवार 03 मार्च 2026 | chhattisgarhgaurav@rediffmail.com


## प्रथमेश

### इजरायल-ईरान युद्ध का बड़ा असर, बीच रास्ते से लौटीं एयर इंडिया और इंडिगो की फ्लाइट , एयरस्पेस हुआ बंद

तेहरान ,02 मार्च । मध्य पूर्व में इजरायल और ईरान के बीच अचानक भड़के भीषण युद्ध का सीधा असर अब भारतीय विमानन क्षेत्र पर भी पड़ने लगा है। दोनों देशों के बीच जारी भारी हवाई हमलों और बढ़ते तनाव के कारण एयर इंडिया और इंडिगो की उड़ानों को बीच रास्ते से ही वापस भारत लौटना पड़ा है। इस खतरनाक सैन्य टकराव और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रूट में बदलाव किए गए हैं, जिससे यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रहे घातक मिसाइल हमलों और जवाबी कार्रवाई के बीच इजरायल और ईरान, दोनों ही देशों ने एहतियात के तौर पर अपने-अपने हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) को कमर्शियल उड़ानों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया है। एयरस्पेस बंद होने के कारण भारतीय विमानों को आगे की यात्रा करने की अनुमति नहीं मिल सकी। इस आपातकालीन स्थिति को देखते हुए दिल्ली से तेल अवीव और मध्य पूर्व के अन्य प्रभावित मार्गों पर जाने वाली उड़ानों को सुरक्षा कारणों से तुरंत डायवर्ट करने का फैसला



# जंग के बीच ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तेल टैंकर पर कर दिया हमला, 15 भारतीय क्रू थे सवार



नई दिल्ली,02 मार्च (एजेंसी)। मिडिल ईस्ट में इज़रायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के बीच क्षेत्रीय तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इसी कड़ी में रविवार को रणनीतिक रूप से बेहद अहम **Strait of Hormuz** में एक ऑयल टैंकर पर हमला किए जाने की खबर सामने आई है। इस घटना में चार नाविक घायल हो गए, जबकि जहाज पर 15 भारतीय समेत कुल 20 क्रू सदस्य सवार थे।

ओमान के मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर (रूष्ट) और सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, पलाऊ के झंडे वाले 'स्काइलाइट' नामक तेल टैंकर को मुसंदम प्रांत के खासाब पोर्ट से लगभग पांच नॉटिकल मील दूर निशाना बनाया गया। यह हमला तब हुआ जब अधिकारियों ने कहा कि जब से अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला किया है, ईरान रेडियो के जरिए स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों को धमकी दे रहा है। यह स्ट्रेट इतना महत्वपूर्ण है कि यहीं से दुनियाभर को लगभग 20 फीसदी तेल जाता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हालिया अमेरिकी और इज़रायली सैन्य कार्रवाइयों के बाद ईरान की ओर से रेडियो प्रसारण के जरिए इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को चेतावनियां दी जा रही थीं। समुद्री अधिकारियों और यूरोपीय संघ के नेवल मिशन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जहाजों को सतर्क रहने और क्षेत्र से गुजरने से बचने की सलाह दी है। हालांकि तेहरान ने औपचारिक रूप से जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा नहीं की है, लेकिन बढ़ते खतरे को देखते हुए बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम प्रीमियम बढ़ा दिए हैं और कई बड़ी शिपिंग कंपनियों ने अस्थायी रूप से अपने शिपमेंट रोक दिए हैं।

**Strait of Hormuz** फारस की खाड़ी को हिंद महासागर से जोड़ता है और ईरान तथा ओमान के मुसंदम क्षेत्र के बीच स्थित है। लगभग 50 किलोमीटर चौड़ा यह जलमार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए जीवनरेखा माना जाता है। दुनिया के कुल तेल निर्यात का करीब 20 प्रतिशत इसी रास्ते से गुजरता है।

अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार, यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण 'ऑयल चोकपॉइंट्स' में से एक है। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यदि यह जलमार्ग अवरुद्ध होता है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है, क्योंकि इसके विकल्प बेहद सीमित हैं। श्वद्ध के आंकड़ों के मुताबिक, यहां से गुजरने वाले 80 प्रतिशत से अधिक तेल और गैस की आपूर्ति एशियाई बाजारों को होती है। चीन, जो ईरान का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, ईरान के तेल निर्यात का 90 प्रतिशत से अधिक खरीदता है।

# दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने जांच की शुरू



नई दिल्ली,02 मार्च (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में सोमवार सुबह तीन स्कूलों से बम की धमकी भरे संदेश मिलने के बाद दहशत फैल गई। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें आर्मी पब्लिक स्कूल, मीरा पब्लिक स्कूल और सलमान पब्लिक स्कूल शामिल हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते और अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया दल परिसरों में पहुंचे। एहतियात के तौर पर छात्रों और कर्मचारियों को तुरंत परिसर से बाहर निकाला गया और गहन तलाशी ली गई।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के स्कूलों को इस तरह की धमकियां मिलने की यह पहली घटना नहीं है। पहले भी इसी तरह की फर्जी बम की धमकी की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे अभिभावकों और छात्रों में व्यवधान और चिंता पैदा हुई है। पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां फिलहाल संदेशों के स्त्रोत की जांच कर रही हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या ये धमकियां वास्तविक हैं या किसी सुनियोजित साजिश का हिस्सा हैं। अधिकारियों ने कहा है कि सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है और स्थिति नियंत्रण में है। जांच आगे बढ़ने के साथ ही और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी को दी 2,700 करोड़ की परियोजनाएं




पुडुचेरी ,02 मार्च (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया और 'बेस्ट पुडुचेरी' के लिए काम करते रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह केंद्र शासित प्रदेश उनके 'बेस्ट पुडुचेरी' यानी व्यापार, शिक्षा, आध्यात्मिकता और पर्यटन पर केंद्रित होने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कई महत्त्वपूर्ण पहलों का उद्घाटन किया, जिनमें पीएम ई-बस सेवा पहल के तहत ई-बसों का शुभारंभ, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर, सिटीज़ पहल के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कई परियोजनाएं शामिल हैं।

# खामेनेई की मौत के बाद अलीरेजा अराफी को मिली ईरान की कमान, काउंसिल ने बनाया सुप्रीम लीडर



नई दिल्ली,02 मार्च (एजेंसी)। अमेरिका-इजराइल हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अब अलीरेजा अराफी को देश का नया अंतरिम सुप्रीम लीडर बनाया गया है।

अलीरेजा अराफी को लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बनाने का मतलब है कि वह तब तक सुप्रीम लीडर की भूमिका निभाएंगे, जब तक असेंबली नए लीडर का चुनाव नहीं कर लेती।

1959 में याज्द प्रांत के मेयबोद शहर में जन्मे अराफी एक शिया धर्मगुरु हैं। वे अभी गार्जियन काउंसिल के सदस्य, असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के सदस्य और बसिज के प्रमुख हैं। इससे पहले वे अल-मुस्तफा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन, कोम के शुक्रवार की नमाज के इमाम और ईरान के सेमिनरी के प्रमुख रह चुके हैं। बता दें कि अराफी को अंतरिम सुप्रीम लीडर चुना गया है और असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स बाद में स्थायी सुप्रीम लीडर का चुनाव करेगी।

अराफी को ईरान का नया सुप्रीम लीडर (अंतरिम) इसलिए चुना गया क्योंकि खामेनेई की हत्या के बाद संविधान के आर्टिकल 111 के तहत अस्थायी लीडरशिप काउंसिल बनाई गई थी। इस 3 सदस्यीय परिषद में राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश और गार्जियन काउंसिल के ज्यूरिस्ट सदस्य शामिल हैं। अराफी को ज्यूरिस्ट सदस्य के रूप में चुना गया, जिससे वे अंतरिम सुप्रीम लीडर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वे खामेनेई के करीबी विश्वासपात्र थे, गार्जियन काउंसिल, असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के सदस्य हैं, बसिज के प्रमुख और सेमिनरी सिस्टम के प्रमुख रह चुके हैं। उन्हें नया सुप्रीम लीडर इसलिए चुना गया कि नियुक्ति से जंग के हालात में विचारधारा की निरंतरता, प्रशासनिक क्षमता और रेजीम की स्थिरता सुनिश्चित होती है।

# ग्लोबल पीस प्रेसिडेंट डॉ. के. ए. पॉल की चेतावनी 'तीसरे विश्व युद्ध' को रोकने के लिए तुरंत युद्धविराम जरूरी

नई दिल्ली ,02 मार्च (एजेंसी)। ग्लोबल पीस इनिशिएटिव के संस्थापक और अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयासों के लिए जाने जाने वाले डॉ. के. ए. पॉल ने रविवार को आंध्र भवन, नई दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में विश्व समुदाय से तत्काल युद्धविराम की अपील की। उन्होंने कहा कि इज़राइल, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव यदि नहीं थमा, तो यह व्यापक वैश्विक संघर्ष का रूप ले सकता है। डॉ. पॉल ने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने रविवार होने के बावजूद मीडिया को संबोधित करना आवश्यक समझा। जिस आशंका को मैं पहले से व्यक्त करता रहा हूँ, वही अब सामने दिख रही है। यदि तुरंत कदम नहीं उठाए गए तो यह तीसरे विश्व युद्ध की दिशा में बढ़ सकता है, उन्होंने कहा। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को वे वॉशिंगटन डी.सी. में थे, जहाँ उन्होंने अमेरिका के वरिष्ठ नेताओं, जिनमें हाउस स्पीकर माइक जॉनसन सहित कई सीनेटर और कांग्रेस सदस्य शामिल थे, से मुलाकात कर शांति पहल पर चर्चा की। डॉ. पॉल ने कहा कि वे लगातार अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व के संपर्क में हैं और तनाव कम करने के प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं इज़राइल और ईरान—दोनों देशों में स्टेट गेस्ट के रूप में जा चुका हूँ और निष्पक्ष शांति वार्ता का अनुभव रखता हूँ। एक बार फिर मैं सभी पक्षों से कहता हूँ—शांति को मौका दीजिए।

उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ईरानी नेतृत्व से तत्काल हमले रोककर संवाद शुरू करने की अपील की। डॉ. पॉल ने यह भी कहा कि उन्होंने पहले ईरान से राजनीतिक बंदियों और छात्रों की रिहाई तथा प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई रोकने का आग्रह किया था। साथ ही उन्होंने अमेरिकी नेतृत्व को भी चेताया था कि टकराव की नीति क्षेत्रीय स्थिरता को गंभीर खतरे में डाल सकती है। अंत में उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे युद्धोन्मुख बहसों के बजाय शांति और संवाद को प्राथमिकता दें। दुनिया एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। अब विनाश नहीं, कूटनीति का रास्ता चुनने का समय है, उन्होंने कहा।

# श्रीनगर समेत कई शहरों में खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन, ट्रैफिक डायवर्ट

श्रीनगर ,02 मार्च (एजेंसी)। अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आते ही हड़कंप मच गया। इसका असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर उतर आए और अमेरिका व इजरायल के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर ने लोगों में गुस्से और रोष की लहर पैदा कर दी। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और बडगाम समेत कई शहरों में लोग नारे लगाते हुए मार्च कर रहे हैं, जिस वजह से शहरों की कई मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक बाधित हो गया। स्थिति को काबू में करने के लिए अधिकारियों ने कुछ जगहों पर वाहनों का रास्ता बदल दिया। श्रीनगर में भी रविवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। स्थानीय लोग खामेनेई की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और अमेरिका व इजरायल विरोधी नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ने के कारण शहर के कई हिस्सों में पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। हालांकि, प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है लेकिन किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह दावा किया कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कार्रवाई पूरे हफ्ते या जरूरत पड़ने तक जारी रहेगी। ट्रंप ने खामेनेई को इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक बताते हुए कहा कि उनकी मौत ईरान की जनता के लिए न्याय है। यह उन सभी अमेरिकी नागरिकों और दुनिया के कई अन्य देशों के लोगों के लिए भी न्याय है जो खामेनेई और उनके साथियों के कारण मारे गए या घायल हुए।



## वाह वाह

चिंटू अपनी बीवी को डिलीवरी के लिए हॉस्पिटल लेकर गया

चिंटू ने नर्स से बोला- बच्चा होने के बाद सीधे मत बताना

नर्स- मतलब?

चिंटू- लड़का हो तो टमाटर बोलना और लड़की हो तो कहना प्याज

इत्तेफाक से चिंटू की बीवी के जुड़वा बच्चे हुए एक लड़का एक लड़की।

नर्स कन्फ्यूज होकर बोली- बधाई हो सलाद हुआ है।

# हॉस्टल में 10वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मचा हड़कंप

दंतेवाड़ा,02 मार्च (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बालूद स्थित 'छू लो आसमान' बॉयज हॉस्टल में कक्षा 10वीं के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रौशन तेलाम के रूप में हुई है। वह कुआकोंडा ब्लॉक के नेरली गांव का निवासी था। यह घटना आज सुबह लगभग 3 बजे की बताई जा रही है। जब साथी छात्र बाथरूम की ओर गए, तब उन्होंने रौशन को हॉस्टल की सीढ़ियों के ग्रिल से फंदे में लटका देखा। इसके बाद अधीक्षक को सूचना दी गई और उन्होंने तत्काल पुलिस तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि रौशन तेलाम के पिता का निधन हो चुका है और परिवार में केवल मां तथा बड़ा भाई हैं। छात्र ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसके पीछे के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# रायपुर में मिनी मरीन ड्राइव चौपाटी के पास कॉम्प्लेक्स में चल रही थीं मतांतरण की गतिविधियां, चार गिरफ्तार



रायपुर,02 मार्च (एजेंसी)। राजधानी के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित कटोरातालाब इलाके में मिनी मरीन ड्राइव चौपाटी के पास एक कॉम्प्लेक्स में कथित मतांतरण गतिविधियों के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

ऊपर कैफे का बोर्ड लगा था, जबकि नीचे स्थित हॉल को किराए पर लेकर सभा आयोजित की जा रही थी। हिंदूवादी संगठनों के प्रदर्शन के बाद पुलिस सक्रिय हुई और शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक, हीरापुर निवासी योगेश बरिहा की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप है कि सैफिन मसीह, अमीन क्रिश्चियन, श्रीकांत मनहर और उदय प्रसाद सहित अन्य लोग गैर-क्रिश्चियन समुदाय के लोगों को नौकरी, शिक्षा, इलाज और आर्थिक सहायता का प्रलोभन देकर मतांतरण के लिए प्रेरित कर रहे थे। साथ ही हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगाया गया है। रविवार सुबह करीब 10 बजे शिकायतकर्ता समेत कुछ लोग कटोरातालाब स्थित उक्त हॉल पहुंचे, जहां सभा चल रही थी। विरोध करने पर कथित रूप से धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की गई। इसके बाद मामला थाने पहुंचा।

# होली, ईद एवं गुड फ्राइडे को शांति और सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील

## शराब पीकर हुल्लड़बाजी करने, जबरदस्ती रंग-गुलाल डालने, ओवरस्पीडिंग, ट्रिपल राइडिंग तथा मुखौटा लगाकर हुटिंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश





कोरबा( छ.ग.गौरव )। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी समुदायों से अपील की गई कि वे होली, ईद और गुड फ्राइडे जैसे अपने पर्व-त्यौहारों को आपसी मेल-मिलाप, सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। जिला प्रशासन की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि त्यौहारों के दौरान आवश्यक सहयोग लगातार प्रदान किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले, एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, समिति के सदस्य तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में त्योहारों को सुरक्षित तरीके से मनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए गए। होली के दौरान रासायनिक रंगों एवं मुखोटों के विक्रय तथा उपयोग पर रोक लगाने और लोगों को हर्बल रंगों के प्रयोग हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया गया। यह भी अनुरोध किया गया कि कोई भी व्यक्ति किसी अन्य पर अनावश्यक रूप से रंग न लगाए ताकि सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। शांति समिति के सदस्यों ने होली त्योहार को मिल-जुलकर, भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। अपर कलेक्टर श्री पटेल ने कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है, इसलिए सभी नागरिकों को प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए शांतिपूर्वक एवं सुरक्षित तरीके से इस पर्व को मनाना चाहिए।

होलिका दहन को लेकर भी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि होलिका दहन केवल सुरक्षित और खुले स्थानों पर ही किया जाए। इलेक्ट्रिक तारों के नीचे, ट्रांसफार्मर के पास तथा तंग गलियों जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर होलिका दहन न करने की हिदायत दी गई ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में फायर ब्रिगेड वाहन की पहुँच सुनिश्चित हो सके। होली के दिन शहर के मुख्य मार्गों पर सड़क किनारे दुकानें न लगाने का अनुरोध किया गया ताकि अनावश्यक जाम की स्थितियाँ उत्पन्न न हों। पुलिस विभाग को लगातार पेट्रोलिंग करने, दमकल एवं एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह सतर्क एवं तैयार रखने तथा भीड़भाड़ और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिए गए। होली के अवसर पर तालाबों और नदियों में नशे की हालत में गहराई वाले स्थानों में नहीं उतरने तथा स्नान स्थलों पर गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की सलाह भी दी गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले ने बैठक में जानकारी दी कि होली के दौरान शराब पीकर उपद्रव करने, हुल्लड़बाजी करने, जबरदस्ती रंग लगाने, मुखौटा पहनकर हुटिंग करने, ओवरस्पीडिंग और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि गुंडे-बदमाशों पर निगरानी एवं कार्रवाई लगातार जारी है ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने ट्रक मालिकों से अपने ट्रकों को सुरक्षित पार्किंग के निर्देश दिये ताकि अनावश्यक दुर्घटना न हो। एसडीएम सरोज महिलांगे ने कानून व्यवस्था बनाये रखने और सभी धर्म के पर्व का सम्मान करते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को जबरदस्ती रंग लगाने या किसी प्रकार की दबंगई करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी नागरिकों से सहयोगात्मक रवैया अपनाने, एक-दूसरे का सम्मान करने और पर्व को सद्भावपूर्वक मनाने की अपील की गई।

रमज़ान माह को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा क्रिश्चियन समाज के गुड फ्राइडे पर्व के मद्देनजर चर्चों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए, ताकि कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। नगर निगम को होली के दिन शहर में पानी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पास्टर नानजी भाई पटेल, आर. के. मसीह, जामा मस्जिद के शब्बीर अहमद, हाजी एहलाक खान, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार रवि पी. सिंह, जुम्मन खान रिजवी, अफजल रहमान, गुलाम शेरवानी, चेतन राठौर, सीएमएचओ डॉ. एन. एन. केशरी, जनसंपर्क अधिकारी कमलज्योति, आबकारी विभाग से डॉ. राकेश राठौर, विद्युत विभाग ( सिटी ) के ईई रोशनलाल वर्मा, होमगार्ड तथा नगर निगम के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# जिले को बड़ी सौगात: मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे 21.35 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

कोरबा( छ.ग.गौरव )। छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, श्रम वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा 02 मार्च को कोरबा जिले के विकास को नई गति देने के लिए करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। यह गरिमामय कार्यक्रम दोपहर 2 बजे श्री अग्रसेन गौसेवा समिति कनबेरी के पास आयोजित होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री जनमन योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत कुल 21.35 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि से 08 नग वृहद पुलों और सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जाएगी।

स्वीकृत कार्यों में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 20.92 करोड़ रुपये की लागत से 08 महत्वपूर्ण वृहद पुलों का निर्माण शामिल है। इसमें रामपुर विधानसभा के कोरबा विकासखण्ड अंतर्गत लेमरू-देवपहरी रोड, डोकरमना मेन रोड, बगबुड़ा रोड, बताती-बांसाखार मार्ग और पतरापाली-धानकछार मार्ग पर स्थित विभिन्न नालों जैसे गौमुखी, चिंगराडांड, गड़गड़ा, कोटगसरा और पेंसारी नाला पर पुलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पालीतानाखार विधानसभा के पोड़ीउपरोड़ा विकासखण्ड में कटघोरा-अंबिकापुर रोड से बहरीझारिया मार्ग के कोठीझुंझा नाला पर भी एक वृहद पुल का निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी लागत 278.72 लाख रुपये है।

ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत कटघोरा विधानसभा के कटघोरा विकासखण्ड में पंचराम घर से हीरालाल घर की ओर 500 मीटर लंबी सीसी सड़क सह नाली निर्माण का कार्य भी किया जाएगा, जिसकी स्वीकृत राशि 42.95 लाख रुपये निर्धारित है। इन सभी निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से जिले के वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और विशेष रूप से वर्षा ऋतु में होने वाली संपर्क की समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

# फरवरी में राशन लेने से चूक गए तो टेंशन नहीं

## एक साथ ले सकेंगे दो महीने का राशन




कोरबा( छ.ग.गौरव )। दुकानों में राशन का भंडारण किया जा रहा है। हितग्राही फरवरी और मार्च का राशन एक साथ ले सकेंगे। चावल के साथ नमक, चना, शक्कर का आवंटन किया जा रहा है। जहां भी शिकायत है उसका निराकरण भी किया जाएगा।

खाद्य विभाग ने दुकानों में राशन का पर्याप्त भंडारण नहीं होने पर मार्च में फरवरी का भी चावल वितरण करने का आदेश जारी किया है। चावल के साथ ही चना, शक्कर नमक का वितरण भी होगा। जिले में करीब 65 हजार राशन कार्ड धारी फरवरी का राशन नहीं ले पाए हैं। जिले में 554 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन का वितरण किया जाता है। राशन कार्ड धारियों की संख्या 3.50 लाख है। जिसमें से करीब 70 प्रतिशत कार्ड धारी ही राशन ले पाए। फोर्टीफाइड चावल के टेंडर में देरी होने के कारण गोदाम में चावल का भंडारण विलंब से हुआ। इसकी वजह से ही दुकानों में समय पर चावल नहीं पहुंचा। इस वजह से वितरण नहीं हो पाया। इससे शहर के साथ ग्रामीण उपभोक्ता परेशान रहे। कई स्थानों पर दुकान संचालकों से भी विवाद हुआ। करीब 105 दुकानों में तो चावल का विवरण भी नहीं हो पाया। महीने के अंतिम दिन शनिवार को भी हितग्राही दुकानों में पहुंचते रहे। चावल राज्य और केंद्र से भी आवंटित होता है। सेंट्रल पुल के चावल का आवंटन करने प्रस्ताव भेजा जा चुका है। अभी भी चावल का भंडारण किया जा रहा है। यही नहीं दुकान संचालकों ने गोदाम में पहुंचकर हंगामा भी किया था। इस दौरान कर्मचारियों से वाद विवाद की स्थिति बनी थी। इसके बाद भी दुकानों में चावल नहीं पहुंच पाया। हर महीने करीब 92 प्रतिशत लोग चावल लेते हैं। एपीएल हितग्राही राशन लेने में रुचि नहीं दिखाते हैं। बीच में शक्कर और चना का भंडारण नहीं हो रहा था। अभी 2 महीने का चना और शक्कर वितरण किया जा रहा था। राज्य शासन ने फरवरी में ही मार्च का एक साथ चावल वितरण करने का आदेश जारी किया था। लेकिन चावल भंडारण नहीं होने से यह उल्टा हो गया। अब मार्च में भी फरवरी का राशन वितरण करने का निर्णय लेना पड़ा।

# कुएं में गिरे अहिराज सांप का किया रेस्क्यू

कोरबा( छ.ग.गौरव )। हरदीबाजार में रहने वाले दीपक टंडन के घर की बाड़ी में कुआं है, जिसमें एक अहिराज सांप के गिरने की जानकारी परिवार के सदस्यों को हुई। इसके बाद दीपक की ओर सर्प मित्र जितेन्द्र सारथी को सूचना मिलने पर कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत को अवगत कराया। सर्प मित्र सारथी वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू टीम के साथ हरदीबाजार पहुंचे। जहां तय प्रोटोकॉल के तहत सांप का रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कुएं से सांप को सुरक्षित निकाला गया और इसके बाद जंगल में छोड़ा गया।

# दीपका खदान ने बनाया सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन का रिकॉर्ड

## 28 फरवरी तक परियोजना ने किया 35.07 मिलियन टन उत्पादन

कोरबा( छ.ग.गौरव )। एसईसीएल की दीपका कोयला परियोजना ने उत्पादन और गुणवत्ता दोनों क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 28 फरवरी तक परियोजना ने 35.07 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया, जो वर्ष 2018-19 के सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन के रिकॉर्ड से भी अधिक है। इस उपलब्धि के साथ दीपका परियोजना ने अपने पिछले सभी उत्पादन रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं। परियोजना ने ओवरबर्डन निष्पादन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 39.84 मिलियन क्यूबिक मीटर का ऐतिहासिक आंकड़ा हासिल किया है। यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है, जिससे खनन कार्यों की दक्षता और गति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके साथ ही कोयले की गुणवत्ता में भी बड़ा सुधार दर्ज किया गया है। दीपका परियोजना ने 80 प्रतिशत ग्रेड कन्फर्मेशन हासिल किया, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। यह उपलब्धि खनन प्रक्रिया में बेहतर प्रबंधन, तकनीकी दक्षता और गुणवत्ता नियंत्रण के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम मानी जा रही है। परियोजना की इस सफलता का श्रेय अधिकारियों, इंजीनियरों और कर्मचारियों की टीम भावना, समर्पण और निरंतर मेहनत को दिया जा रहा है। इस उपलब्धि से न केवल एसईसीएल की उत्पादन क्षमता मजबूत हुई है, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूती मिली है। दीपका परियोजना के इस प्रदर्शन को कोयला उद्योग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।



# राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप अपने कर्म पर ध्यान देंगे और सकारात्मक रहेंगे। किसी समस्या का हल आपके काम से ही मिलेगा। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे, तो आप अपने काम में बढ़िया परफॉर्म करेंगे। आज आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों को महत्व देंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि लायेगा। बच्चों के किसी काम से मन प्रसन्न रहेगा। शांति से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे, तो सब सही रहेगा।

मिथुन :राशि आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नया बिजनेस शुरू करना चाह रहे हैं तो आज उससे संबंधित शुरुआत करना बहुत ही अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए भी लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी। भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ईश्वर में आपका विश्वास बढ़ेगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आज आपके अंदर आ रहे बदलाव के कारण परिवारजन प्रसन्न रहेंगे।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन और घर की व्यवस्था में मधुरता और आपसी सामंजस्य उचित रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में पड़कर समय नष्ट ना करें। कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे। आज आपके ऊपर कार्यों का अत्यधिक भार रहेगा।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज जीवनसाथी व परिवारजनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आप सकारात्मक होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। आज आपको स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा। कुछ समय मेडिटेशन और आराम के लिए अवश्य निकालें। आज आपको अपनों की सलाह बहुत काम आएगी। आप सूझबूझ से काम लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

तुला राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है। पहले का रुका पैसा आज मिल जाएगा। आत्मचिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी रिश्तेदार से चल रही अनबन आज किसी की मध्यस्थता से हल होगा। आपका यदि भूमि व वाहन से संबंधित मामला कोर्ट में चल रहा है, तो आज उसका फैसला आपके पक्ष में आएगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति की तरफ आपका ध्यान केंद्रित होगा। अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्रचित्त रहें, जिससे आपको सफलता प्राप्त होगी। युवाओं को किसी अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बुद्धि विवेक से यदि निर्णय लेंगे, तो उसमें आपको लाभ अवश्य मिलेगा। समाज में आप अपनी एक अलग पहचान बनाएंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय न रखें, मेहनत जरी रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। घर के बड़े बुजुर्गों व वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना अति आवश्यक है। आप वरिष्ठ सदस्यों का आदर व सम्मान करेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीद करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर विश्वास रखें। युवा वर्ग भावनाओं में आकर निर्णय लेने से बचे। जीवन से जुड़ी हर गतिविधि को व्यावहारिक तरीके से समझने का प्रयास करें। परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद पलों को साझा करेंगे। आप अपनी कला का प्रदर्शन करके लोगों को हैरान करेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य को लेकर कामयाब होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। नौकरीपेशा लोग कार्यभार कम होने से राहत की सांस लेंगे। विद्यार्थियों को इधर-उधर के कामों को छोड़कर अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना होगा, तभी सफलता हाथ लगेगी।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। ये समय आपके लिए आगे बढ़ने का है, सही दिशा में प्रयास करेंगे तो आपको सफलता

# उद्योग मंत्री ने शोकाकुल परिवार से मिलकर व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

## संजय नगर वार्ड के लक्ष्मणबन बस्ती में दो दिन पूर्व बाउंड्रीवॉल ढहने से मासूम की गई थी जान



कोरबा( छ.ग.गौरव )। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन रविवार की देर शाम संजय नगर स्थित लक्ष्मणबन बस्ती पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। 2 दिन पूर्व बस्ती में बाउंड्रीवाल गिरने से धनेश कर्ष पिता मुकेश कर्ष उम्र 4 वर्ष की दबने से दुखद मृत्यु हो गई थी, वहीं सोनू कर्ष 20 वर्ष, विशाल यादव 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों एवं स्थानीय जनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली। पीड़ित परिवार के घर पर शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। घायलों की जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की।मंत्री श्री देवांगन ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से फोन पर बात कर घटना की सूक्ष्मता से जांच कर कार्रवाही के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर संजू देवी राजपूत, भोलू यादव, पार्षद नरेंद्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, राकेश नागरमल अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# श्रद्धा महिला मंडल द्वारा महिला संविदा कर्मियों के साथ होली मिलन एवं महिला दिवस के उत्सव का आयोजन




बिलासपुर, 02 मार्च। श्रद्धा महिला मंडल द्वारा दिनांक 26 फ़रवरी 2026 को वसंत विहार के रवीन्द्र भवन में एसईसीएल की महिला संविदा कर्मियों के साथ होली मिलन एवं महिला दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन जी एवं उपाध्यक्षा गणों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेहरू शताब्दी कॉलोनी, वसंत विहार कॉलोनी एवं इंद्रा विहार कॉलोनी में कार्यरत लगभग 102 महिला संविदा कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी संविदा बहनों का रोली टीका लगाकर स्वागत करने से हुई। इसके पश्चात सभी को होली और महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं।अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन भाभी जी ने इन कर्मठ बहनों की समर्पण एवं परिश्रम की सराहना की और उन्हें असली नारी शक्ति कहा। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर होली गीतों पर नृत्य किया और खुशियाँ साझा कीं। अध्यक्षा एवं उपाध्यक्षों ने भी संविदा बहनों के साथ नृत्य कर उनका उत्साह बढ़ाया। होली एवं महिला दिवस के उपलक्ष्य में सभी संविदा कर्मियों को उपहार स्वरूप स्टील का मटका, स्टील का कंटेनर ( कनस्तर ), मिठाई एवं गुलाल भेंट किया गया। उपहार वितरण के पश्चात सभी संविदा कर्मियों के लिए होली के विशेष व्यंजनों के साथ स्नेहपूर्ण दोपहर भोज का आयोजन किया गया।

## // शपथपत्र //

मैं, पिन्टू चौहान, उम्र 34 वर्ष, पिता श्री भोक चंद चौहान, निवासी ग्राम पुरेना, पोस्ट जर्वे, थाना उरगा, तह. बरपाली जिला कोरबा ( छ.ग. ) का हूँ यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरा आधार नं. 7896 8140 9910 है। यह कि, मेरे नाम पर जारी ड्राईविंग लायसेंस क्रमांक CG12 20130004890 में मेरा नाम पिन्ट कुमार व पिता का नाम भोक चंद दर्ज है। यह कि, मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नं. 7896 8140 9910 में मेरा नाम पिन्टू चौहान व मेरे पिताजी का नाम भोक चंद चौहान दर्ज है जो सही एवं सत्य है। यह कि पिन्टु कुमार एवं पिन्टु चौहान मेरा ही नाम है तथा भोक चंद एवं भोक चंद चौहान मेरे पिता का ही नाम है जिसे मेरे सही नाम पिन्टू चौहान, पिता श्री भोक चंद चौहान दर्ज कर पढ़ा लिखा जावे। यह कि, यह शपथ पत्र उक्ताशय के संबंध में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**पिन्टू चौहान**
**पुरेना जर्वे, उरगा**
**बरपाली जिला कोरबा (छ.ग.)**

# बलूचों से डरी आईएसआई मुख्यालय के पास गिराए घर



इस्लामाबाद, 02 मार्च (एजेंसी)। पाकिस्तान की सेना ने बलूचिस्तान के नुश्की जिला के काजियाबाद इलाके में आईएसएआई मुख्यालय के पास कई घर गिरा दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार इन घरों में रहने वाले लोगों को कई दिन पहले ही नोटिस जारी किए गए थे। उन्हें कहा गया था कि वे घर छोड़ दें। इन नोटिस में लिखा गया था कि तय समयसीमा के भीतर यदि ये लोग घरों से बाहर नहीं निकले, तो इमारतों को जमींदोज कर दिया जाएगा। बीते कुछ दिनों में पाकिस्तानी सेना ने कई घरों को गिरा दिया है। इन घरों को विस्फोटक और अन्य भारी उपकरण लगाकर गिराया गया है। माना जा रहा है कि आईएसआई के पास बनी इन इमारतों से हमला होने का खतरा था, इसलिए उन्हें गिरा दिया गया है। कहा जा रहा है कि जिन इमारतों को गिराया गया है, उनमें से एक मकान बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के नेता बशीर जेब बलोच का पैतृक आवास है। इसके अलावा भी कई राजनीतिक लोगों के घरों को गिराया गया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के ऑपरेशन हेरॉफ के बाद पाकिस्तान ने यह कार्रवाई की है।

माना जा रहा है कि इस इलाके में पाकिस्तान को बलूचों से डर सता रहा था। इसी के चलते उसने उनके घर तक गिरा दिए हैं। रिपोर्ट में तो कहा गया है कि कच्छ और ग्वादर जैसे इलाकों में भी इमारतों को जमींदोज किया गया है। नुश्की के काजियाबाद के लोगों का कहना है कि प्रशासन ने हर दिन शाम को छह बजे के बाद यहां कर्फ्यू लगाने का फैसला भी लिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुरक्षाबलों ने चेतावनी दी है कि जब तक यहां के लोग पाकिस्तान के समर्थन में रैली नहीं निकालते हैं और अपने घरों में पाकिस्तानी झंडा नहीं फहराते हैं। तब तक कर्फ्यू हर दिन लगता रहेगा। वित्तीय संस्थानों पर भी यह बात लागू की गई है।

# कनाडा में हिंसक अपराधों से भारत का कोई संबंध नहीं, पीएम कार्नी के भारत दौरे से पहले आया बड़ा बयान



ओटावा, 02 मार्च (एजेंसी)। प्रधानमंत्री कार्नी की प्रस्तावित नई दिल्ली यात्रा से पहले कनाडा की ओर से बड़ा संकेत मिला है। कनाडा ने कहा है कि देश में हो रही हिंसक घटनाओं से भारत का अब कोई संबंध नहीं पाया गया है। इसे ओटावा के बदले रुख के रूप में देखा जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ कनाडाई अधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ओटावा और नई दिल्ली के बीच सुरक्षा वार्ताओं में प्रगति हुई है। उन्होंने बताया, 'हमारे बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों सहित उच्च स्तर पर मजबूत राजनयिक संवाद जारी है और हमें भरोसा है कि ऐसी गतिविधियां अब नहीं हो रहीं।'

गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में कनाडा ने भारत पर अपने यहां हिंसा और विदेशी हस्तक्षेप में शामिल होने के आरोप लगाए थे। भारत ने इन आरोपों को लगातार 'निराधार' और 'मनगढ़ंत' बताते हुए खारिज किया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा का ताजा बयान भारत के लिए राहतभरा हो सकता है, लेकिन कुछ सिख संगठनों की चिंताएं बरकरार हैं। ब्रिटिश कोलंबिया के धार्मिक नेता मोनींदर सिंह ने दावा किया कि वैंकूवर पुलिस ने उन्हें और उनके परिवार को संभावित खतरे की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि जून 2023 में उनके सहयोगी हरदीप सिंह निज्जर की ब्रिटिश कोलंबिया के लोअर मेनलैंड स्थित एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या के बाद से उन्हें कई बार ऐसी चेतावनियां मिल चुकी हैं। निज्जर की हत्या के बाद द्विपक्षीय संबंधों में उस समय गंभीर तनाव पैदा हो गया था, जब ट्रूडो सरकार ने भारत सरकार से जुड़े एजेंटों पर संलिप्तता का आरोप लगाया। इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित किया, जिससे रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हो गए। भारत ने तब भी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा था कि कनाडा सिख उग्रवादियों को पनाह देता है।

अब कार्नी सरकार का कहना है कि वह सुरक्षा खतरों को गंभीरता से लेती है और उन्हें दूर करने के लिए भारत के साथ सहयोग कर रही है। कनाडाई अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भारत से जुड़े एजेंटों द्वारा सक्रिय विदेशी हस्तक्षेप या दमन को लेकर फिलहाल कोई ठोस चिंता लागू नहीं होती।

कनाडा सरकार ने बयान में कहा कि 'कानून का सम्मान भारत के साथ हमारे संबंधों की कुंजी है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच संवाद और सहयोग ही चरणबद्ध पुनः जुड़ाव का आधार रहेगा।'

फिलहाल ओटावा भारत के साथ संबंधों को 'रीसेट' करने और 1.4 अरब की आबादी वाले उभरते आर्थिक शक्ति केंद्र के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे कनाडा को अमेरिका पर अपनी व्यापारिक निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है, खासकर ऐसे समय में जब ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की नीतियों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

# स्पेस में क्यों बढ़ जाती है एस्ट्रोनॉट्स की हाइट, समझें 'ग्रैविटी' का पूरा गणित



नई दिल्ली, 02 मार्च (एजेंसी)। क्या आप जानते हैं कि आपकी हाइट पूरे दिन बदलती रहती है? आमतौर पर लोग सोचते हैं कि उनकी लंबाई एक जैसी रहती है, लेकिन साइंस बताता है कि ग्रैविटी की वजह से दिन भर में हम 1-2 सेंटीमीटर छोटे हो जाते हैं। यहां समझिए कि स्पेस में एस्ट्रोनॉट्स की हाइट कैसे बढ़ जाती है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के अनुसार, सुबह उठते ही हम सबसे लंबे होते हैं, क्योंकि रात भर लेटने से रीढ़ की हड्डी फैल जाती है। लेकिन स्पेस में यह बदलाव और भी बड़ा होता है।

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के अनुसार, सुबह उठते ही हम सबसे लंबे होते हैं, क्योंकि रात भर लेटने से रीढ़ की हड्डी फैल जाती है। लेकिन स्पेस में यह बदलाव और भी बड़ा होता है। नासा के अनुसार, माइक्रोग्रैविटी (वजन का अभाव) में एस्ट्रोनॉट्स की हाइट औसतन 3 प्रतिशत तक बढ़ जाती है, खासकर पहले 3-4 दिनों में। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से स्पाइनल कॉलम या रीढ़ की हड्डी में होती है।

दरअसल, धरती पर ग्रैविटी रीढ़ की डिस्क्स को दबाती रहती है, लेकिन स्पेस में कोई दबाव नहीं होता, इसलिए डिस्क्स फैल जाती हैं। इससे हाइट, बैठने की स्थिति और कंधों की स्थिति सब प्रभावित होती है। नासा ने जानकारी देते हुए बताया, एस्ट्रोनॉट केट रूबिन्स, जो मिशन एक्स में शामिल रहीं, उनकी 'अर्थ हाइट' 171 सेमी थी, जो स्पेस में बढ़कर 174.4 सेमी हो गई। यानी लगभग 3.4 सेमी की बढ़ोतरी। जब वह धरती पर लौटीं, तो ग्रैविटी की वजह से फिर से वह उसी हाइट की हो गईं, जितनी की थीं।

नासा के ह्यूमन रिसर्च प्रोग्राम में एस्ट्रोनॉट माइक बैरेट और प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर सुधाकर राजुलु ने एक वीडियो में समझाया है कि स्पेस में शरीर कैसे बदलता है। इस बदलाव को समझने के लिए नासा ने 'व्हाट योर स्पेस हाइट?' नाम की मजेदार एक्टिविटी शुरू की थी। यह एक्टिविटी स्कूल के बच्चों और स्टूडेंट्स के लिए थी। इस एक्टिविटी में स्टूडेंट्स सुबह जल्दी उठकर, जब ग्रैविटी का असर कम होता है, अपनी हाइट मापते हैं। पैर की लंबाई और हाथ के फैलाव (आर्म स्पैन) भी नोट करते हैं।

यह एक्टिविटी एंथ्रोपोमेट्री या शरीर मापन विज्ञान से जुड़ी है। नासा में एंथ्रोपोमेट्रिस्ट्स की टीम होती है, जो एस्ट्रोनॉट्स के माप लेकर स्पेसक्राफ्ट, स्पेस सूट, सीट साइज, हैच ओपनिंग और आईएसएस के डिजाइन तय करती है। स्पेस में हाइट बढ़ने से कंधे ऊंचे हो जाते हैं, जिससे हाथ फर्श से ज्यादा दूर होते हैं और ऊंची चीजों तक पहुंचना आसान हो जाता है। लेकिन, डिजाइन पहले से सही होना जरूरी है, क्योंकि स्पेस में बदलाव मुश्किल भरा होता है। एस्ट्रोनॉट्स स्पेस में काम करते समय पैरों को फर्श के स्टैंड में फंसाकर खुद को संभालते हैं। स्पेसक्राफ्ट में कई फीचर्स एडजस्टेबल होते हैं, क्योंकि लॉन्च से पहले और वापसी पर हाइट अलग-अलग होती है।

# हमें खतरा हुआ तो पूरा देश मिटा देंगे, किम जोंग उन ने न्यूक्लियर पावर को दी चेतावनी



नई दिल्ली, 02 मार्च (एजेंसी)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा को किसी भी प्रकार का खतरा हुआ, तो परमाणु-संपन्न उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया को 'पूरी तरह से मिटा' सकता है। साथ ही उन्होंने सियोल के साथ किसी भी प्रकार की वार्ता से इनकार दोहराया। सरकारी मीडिया के मुताबिक, सत्तारूढ़ पार्टी की एक अहम बैठक के समापन पर किम ने अगले पांच वर्षों के लिए नीतिगत प्राथमिकताओं की रूपरेखा पेश की। हालांकि, उन्होंने अमेरिका के साथ संभावित बातचीत के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं किए और संकेत दिया कि परिस्थितियां अनुकूल होने पर संवाद संभव है।

हाल के वर्षों में किम ने दक्षिण कोरिया के प्रति अपने तेवर और कड़े किए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बयानबाजी तत्काल सैन्य संघर्ष का संकेत नहीं देती, बल्कि एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इसके तहत उत्तर कोरिया अपने परमाणु कार्यक्रम और मॉस्को व बीजिंग के साथ बढ़ते संबंधों के सहारे खुद को अधिक प्रभावशाली ताकत के रूप में स्थापित करना चाहता है। आधिकारिक समाचार एजेंसी **Korean Central News Agency** ने बताया कि किम ने सेना की परमाणु क्षमता को और मजबूत करने के लिए नई हथियार प्रणालियों के विकास पर जोर दिया है। उनका कहना है कि हाल के वर्षों में मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम में तेज प्रगति ने देश को एक स्थापित परमाणु शक्ति के रूप में खड़ा कर दिया है।

किम ने स्पष्ट किया कि यदि संयुक्त राज्य अमेरिका लंबे समय से ठप पड़ी वार्ता को फिर से शुरू करना चाहता है, तो उसे उत्तर कोरिया के प्रति अपनी कथित 'शत्रुतापूर्ण नीतियां' छोड़नी होंगी। गौरतलब है कि 2019 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ वार्ता विफल होने के बाद से दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संवाद ठप पड़ा है।

दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने उत्तर कोरिया के रुख को 'खेदजनक' बताया है। मंत्रालय ने कहा कि सियोल शांति और स्थिरता के प्रयासों को धैर्यपूर्वक जारी रखेगा, भले ही प्योंगयांग अंतर-कोरियाई संबंधों को शत्रुतापूर्ण रूप में परिभाषित कर रहा हो। विशेषज्ञों का मानना है कि किम का सख्त रुख आने वाले समय में कोरियाई प्रायद्वीप की राजनीति को और जटिल बना सकता है, हालांकि फिलहाल इसे रणनीतिक दबाव की नीति के तौर पर देखा जा रहा है।

# इंस्टाग्राम पर भी प्रधानमंत्री मोदी सबसे पसंदीदा नेता, 10 करोड़ फॉलोवर्स का बनाया रिकॉर्ड




नई दिल्ली, 02 मार्च (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फॉलोअर्स का बड़ा आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही, वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह मुकाम हासिल करने वाले दुनिया के पहले नेता बने हैं। 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़ने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले एक दशक में अपने अकाउंट को दुनिया के नेताओं के बीच सबसे ज्यादा एक्टिव और सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म में से एक बनाया है।

प्लेटफॉर्म पर उनकी मौजूदगी लगातार बढ़ी है, जो भारत और विदेश दोनों जगह दर्शकों से जुड़ने की उनकी लगातार पहुंच की रणनीति को दिखाती है। वर्तमान में जाने-माने विश्व लीडर्स में पीएम मोदी के इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं। खास बात यह है कि इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोगुना से अधिक है। दुनिया के पांच बड़े नेताओं के फॉलोअर्स की कुल संख्या भी प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या से कम है। डोनाल्ड ट्रंप 43.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। उनके बाद इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो के 15 मिलियन फॉलोअर्स हैं, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के 14.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के 11.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के 6.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री मोदी के 106.2 फॉलोअर्स हैं, जबकि फेसबुक पर उनके 54 मिलियन फॉलोअर्स हैं। ये आंकड़े पीएम मोदी की बड़ी ग्लोबल पहुंच और मजबूत कनेक्शन को दिखाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी भारत में भी इंस्टाग्राम पर अन्य राजनेताओं से काफी आगे हैं। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं, जिनके लगभग 16.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इसके बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के फॉलोअर्स की संख्या लगभग 12.6 मिलियन है। दिसंबर 2025 तक, प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के अलग-अलग नेताओं के बीच सबसे अधिक अप्रूवल रेटिंग हासिल की। स्टेटिस्टा के अनुसार, पीएम मोदी की अप्रूवल रेटिंग 70 प्रतिशत है, जिससे वे अन्य वैश्विक नेताओं के साथ सूची में शीर्ष स्थान पर रहे। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची 63 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ दूसरे, अर्जेंटीना के जेवियर मिलेई 60 प्रतिशत के साथ तीसरे और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 43 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ 11वें नंबर पर हैं। अमेरिकी बिजनेस इंटेलिजेंस फर्म 'मॉर्निंग कंसल्ट' की ओर से 2 फरवरी और 8 फरवरी के बीच जुटाए गए डेटा के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 67 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ टॉप पर हैं। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 40 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग के साथ 11वें स्थान पर रहे।

## भारत में अब चिप डिजाइन और डीप टेक स्टार्टअप्स पर होगा जोर, अश्विनी वैष्णव ने पेश किया नया विजन

नई दिल्ली, 02 मार्च (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को गुजरात सेमीकनेक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 में देश के भविष्य को लेकर बड़ा रोडमैप पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन अब अपने दूसरे चरण यानी सेमीकॉन 2.0 में प्रवेश कर रहा है। इस नए चरण का मुख्य फोकस डीप टेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना और देश में एक मजबूत डिजाइन इकोसिस्टम तैयार करना है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सेमीकॉन 1.0 का मुख्य लक्ष्य भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगाना था। सरकार को इसमें बड़ी सफलता मिली है। अब देश में कुल 10 प्लांट हैं। इनमें से पहले प्लांट ने कल से कमर्शियल उत्पादन शुरू कर दिया है और दूसरा प्लांट भी बहुत जल्द काम शुरू कर देगा। मंत्री ने कहा कि सेमीकॉन 2.0 पिछले चरण से काफी अलग होगा। अब सरकार चाहती है कि भारतीय स्टार्टअप्स दुनिया की दिग्गज कंपनियों जैसे क्वालकॉम, ब्रॉडकॉम और एनवीडिया की तरह पहचान बनाएं। उन्होंने स्वीकार किया कि यह सफर चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सरकार इसके लिए पूरी तरह तैयार और व्यावहारिक है।

# अब बेकार नहीं जाएगा मूंगफली का छिलका वैज्ञानिकों ने इससे बना दिया ग्राफीन



सिडनी, 02 मार्च (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने मूंगफली के फेंके गए छिलकों को ग्राफीन में बदलने का एक तरीका विकसित किया है। ग्राफीन इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा उपकरणों के लिए एक मूल्यवान घटक है। ऑस्ट्रेलिया के यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स (यूएनएसडब्ल्यू) द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस विकास से सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स और उर्जा भंडारण के लिए नये रास्ते खुलेंगे। मूंगफली के छिलकों से बना ग्राफीन बैटरी, सौर पैनल, टच स्क्रीन, लचीले इलेक्ट्रॉनिक्स और सुपर-फास्ट ट्रांजिस्टर के लिए उपयोग किया जा सकेगा।

शोध दल ने पाया कि लिग्निन की उपस्थिति के कारण मूंगफली के छिलकों को उच्च तापमान पर ग्राफीन में बदला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि लिग्निन पौधों में प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला पॉलिमर है, जिसमें प्रचुर मात्रा में कार्बन पाया जाता है। केमिकल इंजीनियरिंग जर्नल एडवांस में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, इस दो चरणों वाली विधि में छिलकों को लगभग 500 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जाता है, फिर मिलीसेकंड के लिए लगभग 3,000 डिग्री पर उन्हें गर्म किया जाता है, जो रसायनों के बिना कार्बन परमाणुओं को एक परत वाले (सिंगल-लेयर ग्राफीन) में पुनर्गठित कर देता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि उनकी गणना बताती है कि इस पद्धति का उपयोग करके एक किलोग्राम ग्राफीन का उत्पादन केवल 1.3 अमेरिकी डॉलर की ऊर्जा लागत पर किया जा सकता है, जबकि उत्सर्जन भी काफी घट जाता है और उत्पादन समय घटकर लगभग 10 मिनट रह जाता है। शोधकर्ता अगले तीन से चार वर्षों के भीतर बड़े पैमाने पर, टिकाऊ, वाणिज्यिक ग्राफीन निर्माण के लिए कॉफी के अवशेष या केले के छिलकों जैसे अन्य कार्बनिक कचरे का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। यूएनएसडब्ल्यू के स्कूल ऑफ मैकेनिकल एंड मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग के अध्ययन के प्रमुख लेखक गुआन येओह ने कहा, 'हमने मूंगफली को एक परीक्षण मामले के रूप में उपयोग किया है, लेकिन इस प्रक्रिया का मुख्य घटक लिग्निन है, जो कई अलग-अलग पौधों में मौजूद होता है।'

## सम्पादकीय...

# कटघरे में सीबीआई

सीबीआई द्वारा दिल्ली शराब घोटाले को लेकर न्यायालय में दी गई चार्जशीट को न्यायालय ने जिस तरह खारिज किया और साथ में शराब नीति की जांच कर रहे अधिकारी विरुद्ध विभागीय जांच करने के आदेश दिए हैं, उससे राष्ट्र स्तर की जांच एजेंसी सीबीआई खुद कटघरे में खड़ी दिखाई दे रही है। न्यायालय के आदेश से एक बार फिर उस धारणा को मजबूती मिली है जिस अनुसार जांच एजेंसियां केंद्र सरकार की कठपुतली मात्र हैं, जो भ्रष्टाचार के नाम पर विपक्षी दलों को निशाने पर लेती है। साख बचाने के लिए सीबीआई ने भले ही फैसले को तत्काल हाई कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन इसने प्रीमियम जांच एजेंसी की पूरी कार्यप्रणाली यानी जांच, चार्जशीट तैयार करने और ट्रायल में केस की पैरवी तक की खामियों को उजागर कर दिया है। एक के बाद एक कई मामलों में आरोपितों के विरुद्ध ठोस सुबूतों के साथ चार्जशीट दाखिल करने और सजा दिलाने में नाकामी किसी चूक की तरफ नहीं, प्रणालीगत विफलता को रेखांकित कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, सीबीआइ का पूरा जोर सुबूतों को खोजने के बजाय जल्दबाजी में चार्जशीट दाखिल कर केस निपटाने पर है। निठारी हत्याकांड, आरुषि हत्याकांड, कामनवेल्थ घोटाले और 2जी घोटाले में इसे स्पष्ट देखा जा सकता है। सीबीआई ने चार्जशीट फाइनल करने के पहले जांच अधिकारी से लेकर निदेशक तक लिखित राय लेने की परंपरा रही है। इस कारण सीबीआइ के मामलों में आरोपितों की सजा की दर 70 प्रतिशत से अधिक है, जो सामान्य पुलिस की तुलना में काफी बेहतर है। बड़े मामले में निचली अदालत से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक से फटकार और आरोपितों का बरी होना प्रणालीगत विफलता है। आबकारी घोटाले में सीबीआई की चुनौती पर हाई कोर्ट में सुनवाई कब शुरू होगी और उसका फैसला कब आएगा, इसे कोई नहीं जानता। सीबीआई को अपनी कार्यप्रणाली को लेकर आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार को भी सीबीआई की कार्यप्रणाली को लेकर जो टिप्पणी न्यायालय ने की है उसको ध्यान में रख व्यवस्था में सुधार लाने की आवश्यकता पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। सरकार को समझना होगा कि सीबीआई जैसी जांच एजेंसी की असफलता सरकार की छवि को भी धूमिल करती है।

# चीन के साथ भारत का रिश्ता नफरत और जरुरत का

**हरिशंकर व्यास**

नफरत और प्यार का रिश्ता बहुत सुना गया होगा लेकिन चीन के साथ भारत का रिश्ता नफरत और जरुरत का है। चीन से नफरत भी है और उसकी जरुरत भी है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने राहुल गांधी के चीन के राजदूत से मिलने की घटना को आसमान टूट पड़ने जैसी घटना माना था। उसके लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को देशद्रोही ठहराया गया। कांग्रेस पार्टी और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी यानी सीपीसी के साथ एक एमओयू साइन हुआ था, जिसे लेकर भाजपा ने बड़ा नैरेटिव खड़ा किया। लेकिन अब खुद भाजपा नेता चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मिले हैं। भाजपा के विदेश प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विजय चौथाईवाला ने यह मुलाकात तय कराई और पार्टी मुख्यालय में महासचिव अरुण सिंह के साथ दूसरे नेता सीपीसी के प्रतिनिधिमंडल से मिले।

भाजपा के नेता यह कह कर फेस सेविंग कर रहे हैं कि चीन के डेलिगेशन से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा या कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन नहीं मिले या पार्टी के दोनों सर्वोच्च नेता नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मुलाकात नहीं की, जबकि कांग्रेस में खुद राहुल गांधी मिले थे। लेकिन यह बचाव का तर्क नही हो सकता है। जैसे ही भाजपा नेताओं से सीपीसी डिलेगेशन के मिलने की तस्वीरें सामने आईं वैसे ही सन्नाटा खींच गया। सोशल मीडिया में भाजपा का पूरा इकोसिस्टम खामोश हो गया। इस बीच दो चार लोगों ने हिम्मत करके सवाल उठाया और दबी जुबान में कहा कि यह अच्छा नहीं हुआ। भाजपा नेताओं से मुलाकात के बाद सीपीसी का डेलिगेशन आरएसएस कार्यालय में संघ के नंबर दो पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले से मिला। हालांकि उसकी फोटो नहीं जारी की गई। बाद में भारत की तीनों कम्युनिस्ट पार्टियों से सीपीसी के प्रतिनिधिमंडल के मिलने की खबर भी आई।

अब सवाल है कि जिस समय चीन अरुणाचल प्रदेश में जन्मे भारतीय मूल के लोगों को अपने हवाईअड्डों पर रोक कर पासपोर्ट अवैध बता रहा है या अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताने वाले यूट्यूबर्स को रोक कर प्रताड़ित कर रहा है, शक्सगाम घाटी में निर्माण कार्य कर रहा है और उसे चीन का हिस्सा बता रहा है उसके प्रतिनिधिमंडल के साथ भाजपा की दोस्ती दिखाने का क्या मतलब है? सरकारी स्तर पर दोनों देशों के बीच संबंध सुधर गए हैं। मोदी और शाह ने व्यापार की खातिर गलवान घाटी में शहीद हुए 20 जवानों का घाव भुला दिए है। प्रधानमंत्री मोदी की बहुपक्षीय मंचों पर शी जिनपिंग से मुलाकात हुई है तो भारत के रक्षा और विदेश मंत्री दोनों ने चीन का दौरा किया है। लेकिन पार्टी टू पार्टी यानी भाजपा और सीपीसी के नेताओं की मुलाकात या संघ और सीपीसी की मुलाकात का क्या मतलब है?

कहा जा रहा है कि एक दूसरे की कार्यप्रणाली को समझने की कोशिश इस मुलाकात का मकसद थी। जाहिर है कि चीन को भारत से लोकतांत्रिक प्रणाली सीखने में कोई दिलचस्प नहीं होगी तो क्या भारतीय जनता पार्टी यह सीखने की कोशिश कर रही थी कि भारत में भी कैसे चीन की तरह एकदलीय व्यवस्था लागू हो सकती है? चीन की कम्युनिस्ट पार्टी इसके अलावा भाजपा या किसी भी पार्टी को और क्या सीखा सकती है? वहां एकदलीय व्यवस्था है। कम्युनिस्ट पार्टी ही सरकार है और सरकारी ही पार्टी है। दूसरी बात यह है कि कोई भी नेता पार्टी और सरकार के खिलाफ नहीं बोल सकता है। सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग हैं और उनकी हर बात का समर्थन करना सिर्फ पार्टी के नेताओं का ही नहीं, बल्कि चीन की जनता का भी पुनीत कर्तव्य है। भारत में भी पार्टी और सरकार को तो एक कर दिया गया है और यहां भी मोदी और शाह के खिलाफ बोलने को देशद्रोह माना जाने लगा है लेकिन एक बाधा विपक्ष की है। विपक्ष अब भी मजबूत है और उसके नेता भाजपा को जवाबदेह बनाने की कोशिश करते रहते हैं। तभी हो सकता है कि सीपीसी से भाजापा ने इस मामले में कुछ टिप्स लिए हों।

इस मुलाकात के कारणों पर विचार करने पर ऐसा लगता है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं से मिलने की मजबूरी भी हो सकती है। असल में भारत लगभग पूरी तरह से चीन पर आश्रित हो गया है। रोजमर्रा की जरुरत की चीजों से लेकर कृषि सेक्टर के उपकरणों, सेमीकंडक्टर सहित ऑटोमोबाइल सेक्टर के दूसरे कंपोनेंट, आईटी सेक्टर के उपकरण, दवाओं के लिए जरूरी कंपोनेंट आदि सब चीन से आता है। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 116 अरब डॉलर यानी 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। फिर भी चीन के साथ कारोबार करने की मजबूरी है। यह मजबूरी कैसी है इसे इस एक तथ्य से समझें कि भारत ने चीन के मांझे पर रोक लगाई है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के राज्य गुजरात में मकर संक्रांति पर पतंगोत्सव के दौरान चीनी मांझे से गला कटने की वजह से नौ लोगों की मौत हो गई। सोचें, जिस पर पाबंदी है वह माल भी चीन से आ रहा है और खुलेआम भारत में बिक रहा है। अगर चीनी मांझे से गला कटने से होने वाली मौतों का देश भर का आंकड़े देखें तो गुजरात से वाराणसी तक मरने वालों की संख्या और बड़ी हो जाएगी। बहरहाल, भारत की मजबूरी है कि वह चीन के साथ अच्छे संबंध रखे अन्यथा वह रेयर अर्थ मैटेरियल देना बंद कर देगा तो भारत क्या करेगा? हो सकता है कि मुलाकात इस मजबूरी में हुई हो।

लेकिन इस मजबूरी की मुलाकात को एक दूसरा रुप भी दिया जा सकता है। इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि भारत ने अमेरिका को मैसेज देने के लिए चीन के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात भाजपा और संघ के नेताओं से कराई। ध्यान रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बात पर चिंता जता चुके हैं कि वे रूस और चीन के हाथों भारत को गंवा चुके हैं। इस धारणा को बदलने या ठीक करने के लिए ही भारत में नियुक्त राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से जरूरी कोई नहीं है। लेकिन जिस दिन गोर ने यह बात कही उसी दिन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से भाजपा नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें आईं।

( यह लेखक के अपने विचार है )

# शिक्षक अब पाठ्येत्तर कार्यों के लिए हैं

**अजीत द्विवेदी**

शिक्षक का मूल कार्य अध्ययन और अध्यापन है। भारत के सरकारी स्कूलों के शिक्षक अध्ययन का काम पहले ही काफी हद तक छोड़ चुके थे और अब अध्यापन का काम भी नाममात्र का रह गया है। शिक्षक अब स्कूलों में पढ़ाने के लिए नहीं हैं, बल्कि पाठ्येत्तर कार्यों के लिए हैं। उनके ऊपर इतने कामों की जिम्मेदारी लाद दी गई है कि वे बच्चों को पढ़ाने के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। सरकारी स्कूलों की शिक्षा का स्तर लगातार कम होता जा रहा है तो इसका एकमात्र कारण यह नहीं है कि शिक्षक अच्छे नहीं हैं या शिक्षकों के प्रशिक्षण की अच्छी व्यवस्था नहीं है। वह कई कारणों में से एक कारण है। असल में सरकारी स्कूलों की कार्यों की सूची में अध्यापन का कार्य प्राथमिकता में नहीं है।

उन्हें स्कूल से बाहर और स्कूल में भी कई दूसरे काम करने हैं, जिनका पढ़ाई-लिखाई से कोई मतलब नहीं है। जैसे अभी 12 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों के शिक्षक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के काम में लगे हैं। कुछ राज्यों के शिक्षक स्थानीय निकायों के चुनाव करा रहे हैं। इस साल और अगले साल दो चरणों में जनगणना का काम होगा और शिक्षक उसमें लगा दिए जाएंगे। पांच राज्यों के चुनाव भी हैं तो मतदान कराने से लेकर मतगणना तक उन राज्यों के सरकारी शिक्षक उसमें व्यस्त हो जाएंगे। वैसे उन राज्यों के स्कूल भी चुनाव के लिए आरक्षित होंगे। कहीं सुरक्षा बलों को ठहराया जाएगा तो कहीं मतदान केंद्र बनेंगे तो कहीं मतगणना केंद्र बनाए जाएंगे।

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण या संक्षिप्त पुनरीक्षण या मतदान और मतगणना या जनगणना जैसे कामों की सूची बेहद लंबी है, जो शिक्षकों को करना होता है। एक अनुमान के मुताबिक अध्ययन और अध्यापन के अलावा शिक्षकों को स्कूल के बाहर डेढ़ दर्जन किस्म के अन्य सरकारी काम करने होते हैं। एक शिक्षक ने तंज करते हुए सोशल मीडिया में लिखा था कि अच्छा है कि सरकार खेती नहीं कराती है अन्यथा बुवाई, कटाई का काम भी शिक्षकों को करना होता।

बहरहाल, सरकार परिवार और स्वास्थ्य का सर्वे करती है तो वह काम शिक्षक करते हैं, सरकार पशुओं की गिनती कराती है तो वह काम शिक्षक करते हैं, सरकार किसी आपदा की स्थिति में राहत सामग्री बांटती है तो वह काम भी शिक्षकों के जिम्मे होता है, किसी बीमारी या टीके के लिए जागरूकता फैलानी है तो उसका जिम्मा भी शिक्षकों के ऊपर होता है, सफाई अभियान चलाना है तो उसमें शिक्षकों को आगे किया जाता है, यहां तक कि सत्तापक्ष के किसी बड़े नेता की रैली होती है तो उसमें भी शिक्षकों को बस में भर कर रैली में जाना होता है। केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा जिले के कलेक्टर, प्रखंड के बीडीओ और पंचायत के मुखिया भी शिक्षकों को किसी न किसी काम में लगाए रहते हैं। स्कूल के बाहर शिक्षकों को जो डेढ़ दर्जन अलग अलग किस्म के काम करने होते हैं उसके बाद ऐसा नहीं है कि बचे हुए समय में उनको स्कूल में बच्चों को पढ़ाना है। स्कूल में उनको डेढ़ दर्जन अलग किस्म के काम करने हैं, जो अध्ययन और अध्यापन से इतर हैं। मिसाल के तौर पर मिड डे मील तैयार करना एक काम होता है। एक से ज्यादा शिक्षक तो इसी में लगे रहते हैं। राशन खरीदने से लेकर खाना तैयार कराना और बच्चों को खिलाना स्कूलों में प्राथमिकता का काम है। जब से सरकार को लगने लगा है कि मास्टर लोग राशन में गड़बड़ी करते हैं तब से गड़बड़ी नहीं होने के सबूत जुटाना यानी हर चीज का हिसाब रखना, वीडियो आदि बनाना, डैशबोर्ड पर अपलोड करना भी शिक्षकों का जिम्मा हो गया है। एक समय सरकार को लगा कि बच्चे सिर्फ खाने आते हैं या बच्चों की असली संख्या कम होता है और ज्यादा बच्चों के लिए खाना बनाने के नाम पर पैसे की गड़बड़ी होती है तब से शिक्षकों को यह काम भी दिया गया कि वे मिड डे मील खाने वाले बच्चों का फेशियल रिकग्निशन करें और उनकी वीडियो तैयार करें ताकि पुष्टि हो सके कि जिस बच्चे का नाम रॉल में है उसने स्कूल में खाना खाया। सो, मिड डे मील का मामला अब राशन खरीदने, खाना बनवाने और खिलाने के काम से काफी आगे बढ़ गया है। इस बीच तमिलनाडु सहित 12 राज्यों ने प्रस्ताव दिया है कि अगर स्कूलों में बच्चों को सुबह का नाश्ता भी दिया जाए तो उनका बेहतर पोषण होगा, उपस्थिति बढ़ेगी और पढ़ाई में उनका मन भी लगेगा। केंद्र सरकार इस पर विचार कर रही है। केंद्र और राज्य सरकारों को इसे भी लागू कर ही देना चाहिए ताकि शिक्षकों को पढ़ाने के काम से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाए।

ऐसा नहीं है कि इतने पर भी शिक्षकों की जिम्मेदारी समाप्त हो जाती है। उन्हें और भी कई काम करने होते हैं। मान लीजिए कि शिक्षा मंत्री शिक्षा से जुड़े किसी कार्यक्रम को संबोधित करते हैं तो स्कूलों से कहा जाता है कि उनका भाषण बच्चों को सुनाया जाए ताकि वे 'लाभान्वित' हो सकें। केंद्रीय विद्यालयों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का भाषण सुनाया जाता है तो राज्यों के स्कूलों में राज्य के शिक्षा मंत्री का भाषण सुनाया जाता है। प्रधानमंत्री का भाषण तो सभी स्कूलों में सुनाया जाता है। भाषण सुनाने की व्यवस्था करने में कम से कम दो कक्षाएं प्रभावित होती हैं। लेकिन इतने पर काम खत्म नहीं होता है।

भाषण सुनते बच्चों की वीडिया बना कर उनको ऊपर भेजना होता है और किसी निर्धारित पोर्टल पर अपलोड भी करना होता है। यह काम हर सरकारी फंक्शन के बाद करना होता है। राष्ट्रीय दिवस का कार्यक्रम हो या नवाचार के नाम पर शुरू की गई किसी पहल का कार्यक्रम हो। उसे आयोजित करना, उसकी वीडियो बनाना और उसे अपलोड करना शिक्षकों की जिम्मेदारी होती है।

( यह लेखक के अपने विचार है )

# भारत को तुर्की से सीखना चाहिए

**हरिशंकर व्यास**

भारत के सामने एक मॉडल तुर्किए का है, जिसने न सिर्फ अपने को अपनी हथियार जरुरतों में आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि दुनिया के अनेक देशों को ड्रोन सहित अपने हथियार बेच रहा है। उसने पिछले 40 साल में इतने सुनियोजित तरीके से यह काम किया है कि भारत को उससे सीखना चाहिए। भारत ने भी देखा कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के समय तुर्किए से मिले ड्रोन से पाकिस्तान लड़ रहा था। अब भी उसी के ड्रोन गाहे बगाहे पाकिस्तान सीमा पर दिखते हैं। उसने सातवें दशक में साइप्रस संकट के समय अमेरिका और यूरोप ने उसको हथियार देने पर पाबंदी लगा दी थी। उसके बाद ही उसने अपने को आत्मनिर्भर बनाने का फैसला किया और 1985 में प्रेसिडेंसी ऑफ डिफेंस इंडस्ट्रीज के नाम से एक केंद्रीय संस्था बनाई। उसके बाद पिछले चार दशक में तुर्किए ने अलग ही पहचान बना ली है। भारत भी इस मॉडल पर काम कर सकता है।

इस मॉडल की कुछ खास बातें हैं। जैसे तुर्किए ने दूसरे देशों के साथ जो भी हथियार सौदा किया उसमें प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की अनिवार्य शर्त रखी। उसने अमेरिका, जर्मनी, इटली आदि से हथियारों का सौदा किया तो उसके लोकल प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की शर्त रखी। उसने स्थानीय इंजीनियरों द्वारा उत्पादन की भी शर्त रखी। सोर्स कोड और डिजाइन पर अधिकार किया और लडाकू विमान से लेकर हेलीकॉप्टर और गाइडेड मिसाइल जैसी कई चीजों के उत्पादन का लाइसेंस हासिल किया। इसके बाद उसने ड्रोन क्रांति की, जिसमें निजी कंपनियों को शामिल किया। रक्षा उत्पादन में भी तुर्किए ने पब्लिक और प्राइवेट पार्टनरशिप में काम किया। लेकिन ड्रोन का पूरा क्षेत्र निजी कंपनियों को दिया और यह सुनिश्चित किया कि वे उत्पादन करें, बिकवाने की गारंटी उसकी होगी। यानी तुर्किए उनके लिए बाजार और ग्राहक जुटाएगा। आज स्थिति यह है कि अपनी रक्षा जरुरतों के मामले में तुर्किए 80 फीसदी आत्मनिर्भर है। इतना ही नहीं तुर्किए आज 180 देशों को अपने हथियार बेचता है। पूरा अफ्रीका उसका बाजार है। वह मध्य एशिया, खाड़ी देशों के साथ साथ यूरोप को भी हथियार बेचता है। उसने देश के कई हिस्सों में डिफेंस प्रोडक्शन के कलस्टर बनाए हैं, जहां उत्पादन होता है।

भारत अगर आज इस मॉडल पर चलना शुरू होता है तो अब तकनीक और उत्पादन की रफ्तार दोनों इतनी तेज हो गई है कि उसे तुर्किए की तरह 40 साल नहीं इंतजार करना होगा। वह सिर्फ 10 साल में अपनी जरुरतों के लिए आत्मनिर्भर हो जाएगा और दुनिया के रक्षा से जुड़े उत्पाद बेचने लगेगा। भारत के पास पहले से डीआरडीओ और अन्य पीएसयू हैं, जो रक्षा उपकरण बना रहे हैं। भारत जो व्यापारिक संधियां कर रहा है उसमें प्रौद्योगिक हस्तांतरण, लाइसेंस्ड प्रोडक्शन, लोकल इंजीनियर और लोकल प्रोडक्शन, सोर्स कोड व डिजाइन पर कंट्रोल आदि की शर्तें रखवाता है और निजी व सरकारी कंपनियों को इस काम में शामिल करता है तो बहुत जल्दी भारत में भी एक बड़ा मिलिट्री डिफेंस कॉम्प्लेक्स विकसित हो सकता है।

# जी राम जी अधिनियम और लचीली एवं सतत् आजीविकाओं की दिशा में भारत की यात्रा

**डॉ. विभा धवन**

पिछले लगभग दो दशकों से ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम भारत की सामाजिक सुरक्षा संरचना का केंद्रीय स्तंभ रहे हैं। वर्ष 2005 में अधिनियमित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ( एमजीएनआरईजीए ) ने ग्रामीण परिवारों को आय सुरक्षा प्रदान की है, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी का विस्तार किया है तथा आवश्यक सामुदायिक परिसंपत्तियों के सृजन में योगदान दिया है। जैसे-जैसे ग्रामीण भारत तीव्र आर्थिक, प्रौद्योगिक और पर्यावरणीय परिवर्तनों से गुजर रहा है, उभरती चुनौतियों और अवसरों का प्रभावी ढंग से उत्तर देने के लिए इस ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने की तात्कालिक आवश्यकता है।

विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन ( ग्रामीण ) गारंटी अधिनियम, 2025 इस क्रमिक विकास को प्रतिबिंबित करता है। ग्रामीण रोजगार गारंटी ढांचे में सुधार के माध्यम से यह अधिनियम इस तथ्य को मान्यता देता है कि सतत् ग्रामीण समृद्धि केवल रोजगार सृजन पर ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु जोखिमों के प्रति लचीलेपन तथा आजीविकाओं के संरक्षण पर भी आधारित होनी चाहिए। यह समेकित दृष्टिकोण ऐसे समय में अत्यंत प्रासंगिक है, जब ग्रामीण समुदाय जलवायु परिवर्तनशीलता, चरम मौसमीय घटनाओं और संसाधन दबाव के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता का सामना कर रहे हैं।

जी राम जी अधिनियम क्यों विशिष्ट है

जी राम जी अधिनियम की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें मजदूरी आधारित रोजगार को चार प्राथमिक क्षेत्रों के साथ संरेखित करने पर विशेष बल दिया गया है—जल सुरक्षा, मूल ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से संबंधित अवसंरचना तथा चरम मौसमीय घटनाओं के शमन से जुड़े कार्य। यह ग्रामीण रोजगार नीति के पर्यावरणीय और लचीलापन संबंधी आयामों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जल से संबंधित कार्य, मृदा एवं भूमि संरक्षण, जल निकासी प्रणालियाँ तथा जलवायु-अनुकूल अवसंरचना कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के साथ-साथ बाढ़, सूखा और भूमि क्षरण के प्रति संवेदनशीलता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब ऐसी परिसंपत्तियां प्रभावी ढंग से नियोजित तथा कार्यान्वित की जाती हैं, तो वे कई लाभ उत्पन्न करती हैं—अल्पकालिक रोजगार सृजन, प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन तथा दीर्घकालिक आजीविका सुरक्षा। इन क्षेत्रों पर अधिनियम का विशेष बल इस तथ्य को रेखांकित करता है कि रोजगार कार्यक्रम एक साथ सामाजिक संरक्षण और जलवायु अनुकूलन के प्रभावी साधन के रूप में कार्य कर सकते हैं।

स्थानीय स्तर पर लचीलापन

अधिनियम की नियोजन पारिस्थितिकी—जिसका केंद्र विकसित ग्राम पंचायत योजनाएँ हैं तथा जिसमें परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक के अंतर्गत एकीकृत किया गया है—ग्रामीण विकास के लिए एक सुसंगत और भविष्य के लिए तैयार दृष्टिकोण को समर्थन प्रदान करती है। विकेन्द्रीकृत नियोजन के माध्यम से पंचायतों को स्थानीय प्राथमिकताओं की पहचान करने का अवसर मिलता है, जबकि राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ एकीकरण व्यापक अवसंरचना एवं विकास उद्देश्यों के साथ समन्वय सुनिश्चित करता है।

कार्यान्वयन के दृष्टिकोण से यह ढांचा रोजगार गारंटी के अंतर्गत सृजित परिसंपत्तियों की गुणवत्ता, स्थायित्व और प्रासंगिकता में सुधार का अवसर प्रदान करता है। पर्याप्त तकनीकी सहयोग और क्षमता निर्माण के माध्यम से पंचायती राज संस्थान यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कि सार्वजनिक कार्य, संसाधन संरक्षण तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण में सार्थक योगदान दें। अधिनियम के अंतर्गत परिकल्पित पारदर्शिता तंत्र, डिजिटल निगरानी उपकरण और सामाजिक अंकेक्षण जवाबदेही को और सुदृढ़ करते हैं तथा सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करते हैं।

सामाजिक संरक्षण और लचीलेपन पर ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान ( टेरी )

सतत् विकास के प्रति वचनबद्ध एक शोध संस्थान के रूप में, टेरी ने यह समझने के लिए व्यापक रूप से कार्य किया है कि ग्रामीण समुदायों में लचीलापन विकसित करने के लिए सामाजिक संरक्षण तंत्रों को किस प्रकार सुदृढ़ किया जा सकता है। हमारे शोध से यह स्पष्ट हुआ है कि जब रोजगार कार्यक्रमों को पर्यावरणीय योजना और जोखिम-सूचित रूपरेखा के साथ जोड़ा जाता है, तो वे घरेलू तथा सामुदायिक—दोनों स्तरों पर अनुकूलन क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा सकते हैं।

टेरी ने जलवायु लचीलापन, पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्स्थापन तथा आजीविका की निरन्तरता को सम्मिलित करने हेतु नीतिगत ढांचों के पुनरोद्धार और सुदृढ़ीकरण से संबंधित सरकारी प्रक्रियाओं में विश्लेषणात्मक योगदान प्रदान किया है। इसमें कार्यक्रम अभिकल्पना में लचीलापन संबंधी पहलुओं के एकीकरण को समर्थन देना तथा रोजगार सृजन के साथ-साथ दीर्घकालिक पर्यावरणीय और सामाजिक परिणामों को प्रतिबिंबित करने वाले संकेतकों की पहचान करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त, टेरी ने ऐसे वित्तीय मॉडल और नियोजन दृष्टिकोणों का अध्ययन किया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश को अधिकतम करने में मदद कर सकते हैं — सामुदायिक परिसंपत्तियों को सुदृढ़ करना, दीर्घकालिक संवेदनशीलता को कम करना, और संसाधनों के उपयोग की दक्षता बढ़ाना। इस प्रकार के शोध-आधारित योगदान का उद्देश्य सरकारी पहलों का पूरक होना और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण का समर्थन करना होता है।

आजीविकाओं का संरक्षण

जी राम जी अधिनियम का दृष्टिकोण ग्रामीण आजीविकाओं को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व को प्रमुखता देता है। जल सुरक्षा, कनेक्टिविटी, भंडारण और जलवायु-सहनशील अवसंरचना में निवेश प्रत्यक्ष रूप से कृषि, सहायक गतिविधियों और गैर-कृषि आजीविकाओं का समर्थन करता है। साथ ही, अधिनियम में शामिल प्रावधान, जैसे कि प्रमुख कृषि सीज़न के दौरान सार्वजनिक कार्यों में राज्य-निर्धारित विराम, यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि रोजगार सृजन कृषि गतिविधियों के पूरक के रूप में बना रहे।

एक कानूनी रोजगार गारंटी की निरंतरता, साथ ही जहाँ कार्य प्रदान नहीं किया जाता वहां बेरोजगारी भत्ता देने के प्रावधान, अधिनियम के सामाजिक संरक्षण उद्देश्यों को और मजबूत करते हैं। पूर्वानुमेय नियोजन और वित्तपोषण के साथ, प्रशासनिक क्षमता के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से, कार्यक्रम की प्रभावशीलता और प्रतिक्रिया देने की क्षमता को और बढ़ाया जा सकता है।

'विकसित भारत 2047' की ओर

जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 के विज़न की ओर बढ़ रहा है, ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम समावेशी विकास प्रदान करने में एक बड़ी रणनीतिक भूमिका निभाएंगे। उनकी सफलता का मूल्यांकन केवल सृजित कार्यदिवसों की संख्या से नहीं, बल्कि लचीली आजीविकाओं, स्थायी अवसंरचना और महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में उनके योगदान से किया जाएगा।

इस संदर्भ में, विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 इन परिणामों को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत नीतिगत ढांचा प्रस्तुत करता है। पर्यावरणीय प्राथमिकताओं को सम्मिलित करके, जलवायु जोखिमों के प्रति लचीलापन बढ़ाकर और विकेन्द्रीकृत नियोजन को मजबूत करके यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को सतत् विकास की आधारशिला के रूप में स्थापित करता है। सरकार, शोध संस्थानों, राज्यों और स्थानीय समुदायों के बीच निरंतर सहयोग के माध्यम से यह सुधार यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि ग्रामीण रोजगार वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ भविष्य हेतु लचीलेपन में भी सार्थक योगदान दे—आज आजीविकाओं का समर्थन करते हुए कल की समृद्धि के लिए आवश्यक संसाधनों की रक्षा करना।

( यह लेखक के अपने विचार है )

# जयललिता की करीबी रहीं शशिकला ने लॉन्च किया पार्टी का झंडा, नाम पर सस्पेंस बरकरार



चेन्नई,02 मार्च (एजेंसी)। निष्कासित एआईएडीएमके नेता वीके शशिकला ने गुरुवार को कहा कि उनकी प्रस्तावित राजनीतिक पार्टी के नाम की औपचारिक घोषणा एक सप्ताह के भीतर कर दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब शशिकला ने एक जनसभा में दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की 78वीं जयंती पर नई पार्टी का झंडा जारी कर नौ वर्षों के राजनीतिक विराम को औपचारिक रूप से समाप्त किया था। शशिकला ने कहा कि गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है और अच्छा फैसला लिया जाएगा। सीमित समय में संगठन खड़ा करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जनता उन्हें अच्छी तरह जानती है और जनसंपर्क में कोई कठिनाई नहीं होगी। शशिकला ने गुरुवार को चेन्नई एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का नाम एक सप्ताह के भीतर घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने हाल ही में जयललिता की 78वीं जयंती (24 फरवरी) के अवसर पर रमनथपुरम के कामुथी में अपनी पार्टी का लाल, सफेद और काला झंडा फहराया था, जिस पर सी.एन. अन्नादुरई, एम.जी. रामचंद्रन और जे. जयललिता की तस्वीरें अंकित हैं।

# प्रिंस खान को आतंकवादी घोषित करने के लिए धनबाद पुलिस ने की अनुशंसा, दुबई के बाद पाकिस्तान से चला रहा गैंग

रांची,02 मार्च (एजेंसी)। धनबाद के कुख्यात अपराधी प्रिंस खान को आतंकवादी घोषित करने की तैयारी है। इसके लिए धनबाद पुलिस ने पुलिस मुख्यालय से अनुशंसा की है। पुलिस मुख्यालय से राज्य सरकार के गृह विभाग को अनुशंसा भेजी जाएगी। वहां से केंद्रीय गृह मंत्रालय से अनुशंसा की जाएगी। कुख्यात अपराधी प्रिंस खान दुबई में था। दबाव के बाद वह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रहकर झारखंड के कारोबारियों से रंगदारी मांग रहा है। उसपर पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से संपर्क की सूचना खुफिया एजेंसी ने झारखंड पुलिस को दी है। इतना ही नहीं, प्रिंस खान पर विभिन्न थानों में 125 से अधिक केस दर्ज हैं।



इन सभी बिंदुओं पर समयक विचार के बाद धनबाद पुलिस ने उसे आतंकी घोषित करने के लिए पुलिस मुख्यालय से अनुशंसा की है। पुलिस का मानना है कि प्रिंस खान सिर्फ संगठित अपराध तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पाकिस्तान में बैठकर भारत की संप्रभुता को चुनौती देने की गतिविधियों में शामिल है। वह पाकिस्तानी आतंकियों के साथ मिलकर देश में आपराधिक या आतंकी वारदात की साजिश रचने में शामिल हो सकता है।कुख्यात प्रिंस खान के विरुद्ध जांच कर रही झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की अनुशंसा पर सीबीआई के माध्यम से रेड कार्नर नोटिस जारी हो चुका है। उसका पासपोर्ट भी रद हो चुका है। उसकी चल-अचल संपत्ति की कुर्की भी की जा चुका है। धनबाद पुलिस को इनपुट मिला है कि पाकिस्तान पहुंचने के बाद प्रिंस खान ने वहां सक्रिय प्रतिबंधित व संदिग्ध आतंकी संगठनों से संपर्क साधा। पाकिस्तान से भारत में हथियार आपूर्ति के नेटवर्क में भी प्रिंस खान के विरुद्ध जांच चल रही है।

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने इमाम का तीखा प्रहार हुमायूं कबीर की बाबरी योजना को बताया साजिश

कोलकाता,02 मार्च (एजेंसी)। कोलकाता की शोलआना मस्जिद के इमाम अब्दुल हामिद ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में बिना किसी का नाम लिए तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा मुर्शिदाबाद जिले में कराए जा रहे बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर निशाना साधा। कोलकाता नगर निगम द्वारा पार्क सर्कस मैदान में आयोजित सालाना इफ्तार पार्टी के दौरान इमाम ने अपने संबोधन में कहा कि यह अफसोस की बात है कि मुर्शिदाबाद में मस्जिद बनाकर मुसलमानों में फूट डालने की कोशिश की जा रही है। यह सही नहीं है। मैं इसका विरोध करता हूं।उन्होंने यह भी दावा किया कि इस मस्जिद निर्माण के पीछे कोई इमाम शामिल नहीं है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने बाबरी शब्द का भी इस्तेमाल नहीं किया।हालांकि उनके बयान से साफ है कि इमाम का निशाना मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का निर्माण करा रहे निलंबित तृणमूल विधायक व नवगठित जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष हुमायूं कबीर की ओर था। मुर्शिदाबाद के भरतपुर से विधायक कबीर ने पिछले साल छह दिसंबर को इस मस्जिद की नींव रखी थी। हाल में इसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है।इधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हर साल की तरह कोलकाता नगर निगम द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुईं। इस इफ्तार पार्टी में



इमामों के अलावा दूसरे धर्मों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस दौरान इमाम अब्दुल हामिद ने ममता की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के राज में सिर्फ अल्पसंख्यक ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लोगों का जो विकास हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। इमाम हामिद ने कहा कि इमाम भत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं समेत कई सरकारी परियोजनाएं बंगाल को देखकर दूसरे राज्यों ने भी लागू किए हैं।इमाम हामिद ने ममता के शासनकाल में कोलकाता के इस्लामिया अस्पताल के विकास का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पहले, अगर कोई जिंदा इंसान इस्लामिया अस्पताल आता था, वे मरे हुए निकलते थे। लेकिन अब तस्वीर बदल गई है। अब बिहार, झारखंड, त्रिपुरा, मणिपुर से मरीज वहां आ रहे हैं। इफ्तार पार्टी में कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम, डिप्टी मेयर अतिन घोष, राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, कृषि व संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेब चटर्जी, कोलकाता के दोनों सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय और माला राय, चौरंगी की विधायक नैना बनर्जी, मुख्यमंत्री की भाभी और कोलकाता नगर निगम में पार्षद कजरी बनर्जी भी मौजूद थीं। दूसरी ओर, बाबरी मस्जिद निर्माण को लेकर सवाल उठाने पर पलटवार करते हुए हुमायूं कबीर ने भी इमाम का नाम लिए बिना उन्हें जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे इमामों से उन्हें किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है।

## इजरायल के साथ मजबूती से खड़ा भारत: नेसेट में पीएम मोदी के शब्दों की गूंज, हिब्रू यूनिवर्सिटी ने की तारीफ

यरूशलम,02 मार्च (एजेंसी)।

हिब्रू विश्वविद्यालय ने इजरायली संसद नेसेट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के दौरान साहसी शब्दों के लिए उनका आभार व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि इससे राजनयिक उपलब्धियों को शैक्षणिक सहयोग में बदला जा सकता है। इजरायली विश्वविद्यालय ने गुरुवार को कहा-भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, नेसेट के मंच से आपके द्वारा व्यक्त किए गए हार्दिक और साहसी शब्दों के लिए धन्यवाद। बताते चलें, आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टालरेंस नीति को दोहराते हुए मोदी ने इजरायली सांसदों की तालियों के बीच कहा था कि हम आपके दर्द को समझते हैं। हम आपके दुख में आपके साथ हैं। भारत इस समय और भविष्य में भी पूरी दृढ़ता से इजरायल के साथ खड़ा है। किसी भी कारण से नागरिकों की हत्या को सही ठहराया नहीं जा सकता। आतंकवाद को किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह हिब्रू विश्वविद्यालय ने नालंदा विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था। हिब्रू विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपाध्यक्ष प्रोफेसर गाय हार्पाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत का दौरा किया, ताकि देशभर के संस्थानों के साथ अकादमिक संबंधों को मजबूत किया जा सके। विश्वविद्यालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच गहरी साझेदारी अकादमिक क्षेत्र में भी परिलक्षित होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा पूरे देश में डिजिटल चर्चा पर हावी रही। मोदी इंटरनेट मीडिया पर ट्रेंड करते रहे। यह उनके प्रति देश के लोगों के स्नेह को दर्शाता है। उनकी यात्रा को लेकर संसद से लेकर इंटरनेट मीडिया पर मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया भारत-इजरायल संबंधों की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है, जो राजनीतिक नेताओं और आम जनता दोनों के बीच समान रूप से महत्वपूर्ण है। वहीं, प्रेट्र के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को इजरायल के लोकप्रिय जासूसी शो फौदा के कलाकारों और टीम से मुलाकात की और इंटरनेट मीडिया पर सेल्फी साझा की। प्रधानमंत्री ने लिखा, शुक्र है, इस मुलाकात में सिर्फ एक सेल्फी की जरूरत पड़ी, कोई अंडरकवर काम नहीं। इस तस्वीर में पीएम मोदी के साथ फौदा के निर्माता लियोर राज, एवी इस्साचाराफ, अभिनेता लेटिटिया ईडो, डोरोन बेन-डेविड और अन्य कलाकार नजर आ रहे हैं। फौदा एक एक्शन थ्रिलर सीरीज है। यह शो 2015 में इजरायली नेटवर्क यस ओह पर शुरू हुआ और नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू होने के बाद वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो गया।

## अफगानिस्तान का पलटवार: पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के बाद तालिबान ने खोला मोर्चा, सीमा पर भारी गोलाबारी

नई दिल्ली,02 माच (एजेंसी)। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के साथ साझा सीमा (दुर्रानी लाइन) पर बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। अफगान सैन्य प्रवक्ता वाहिदुल्लाह मोहम्मदी ने एक वीडियो संदेश में पुष्टि की कि नांगरहार और पक्तिया प्रांतों में पाकिस्तानी हवाई हमलों के जवाब में पूर्वी क्षेत्र की सीमा बलों ने पाकिस्तानी चौकियों पर भारी हमले शुरू कर दिए हैं।तालिबान के राष्ट्रीय प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पाकिस्तानी सैन्य उकसावे और उल्लंघनों के जवाब में दुर्रानी लाइन के साथ पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों और इंस्टॉलेशनों पर बड़े पैमाने पर आक्रामक अभियान शुरू किए गए हैं। यह वृद्धि पिछले दिनों पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में किए गए घातक हवाई हमलों के बाद हुआ है। 22 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के नांगरहार और पक्तिका प्रांतों में खुफिया जानकारी आधारित चुनिंदा अभियानों में टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) और इस्लामिक स्टेट-खोरासान प्रांत से जुड़े



कथित 7 शिविरों और ठिकानों पर हमला किया था। पाकिस्तान ने दावा किया कि इन हमलों में कम से कम 70-80 आतंकवादी मारे गए। हालांकि, अफगान तालिबान ने इन हमलों को नागरिक क्षेत्रों पर हमला बताते हुए खारिज किया और कहा कि महिलाओं, बच्चों सहित दर्जनों निर्दोष नागरिक मारे गए। अफगान रक्षा मंत्रालय और स्थानीय स्त्रोतों ने कम से कम 17-18 नागरिक मौतों की पुष्टि की, जिसमें एक मदरसा और आवासीय इलाके शामिल थे।पाकिस्तान ने इन हमलों को हाल के आत्मघाती बम विस्फोटों का जवाब बताया, जिसमें इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद, बाजौर और बनू में हमले शामिल हैं, जिनकी जिम्मेदारी टीटीपी ने ली थी। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने कहा था कि आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ अभियान जारी रहेंगे, चाहे वे कहीं भी हों। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि वह बार-बार सीमा का उल्लंघन कर रहा है, जबकि पाकिस्तान का कहना है कि अफगानिस्तान टीटीपी जैसे समूहों को शरण दे रहा है, जो पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं। अभी तक दोनों पक्षों से हताहतों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, और पाकिस्तानी पक्ष से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तनाव क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन सकता है,

# अजीत पवार विमान दुर्घटना मामला: रोहित के आरोपों पर सीआईडीने तोड़ी अपनी चुप्पी, कहा- जांच किसी दबाव में नहीं

मुंबई ,02 माच (एजेंसी)। राकांपा (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार द्वारा अजीत पवार के विमान दुर्घटना मामले में उठाए गए तीखे सवालों पर महाराष्ट्र सीआइडी ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा है कि जांच किसी के दबाव में नहीं, बल्कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़ रही है। सीआईडी ने रोहित पवार के उन दावों को सिरे से खारिज करने का प्रयास किया है, जिनमें जांच की दिशा को 'भटकाने' का आरोप लगाया गया था। रोहित पवार पिछले कुछ दिनों से इस विमान दुर्घटना की जांच पर लगातार सवाल उठाते आ रहे हैं। वह बुधवार को इस मामले में मुंबई के मरीन लाइंस थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंचे थे। वहां रिपोर्ट नहीं लिखे जाने के बाद गुरुवार को 100 से ज्यादा वकीलों एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अपने गृहनगर बारामती के पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंचे। लेकिन वहां भी उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। उन्होंने हाल ही में इंटरनेट मीडिया और पत्र के माध्यम से सीआईडी से पूछा था कि विमान कंपनी के खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई।इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सीआईडी के एडीजी सुनील रामानंद ने कहा है कि घटना की जांच विस्तृत और पेशेवर तरीके से की जा रही है। सीआईडी जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि विमान दुर्घटना में कोई साजिश तो नहीं थी। इसमें यह भी जांच की





जाएगी कि क्या कोई आपराधिक लापरवाही हुई थी। जांच यह पता लगाएगी कि क्या किसी आपराधिक कृत्य, जिसमें गैरकानूनी चूक भी शामिल है, के कारण तो दुर्घटना नहीं हुई। रामानंद ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की रिपोर्ट पूरी होने के बाद उसके निष्कर्षों को सीआईडी जांच में शामिल किया जाएगा। हमने कई सुबूत एकत्र किए हैं। यदि जांच में लापरवाही या तोड़फोड़सहित कोई भी आपराधिक पहलू साबित होता है तो सीआईडी भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने सीबीआई जांच की मांग करते हुए केंद्र को पत्र भी लिखा है।

## पीएम मोदी ने इजरायल में भारतीय मूल के यहूदियों से बातचीत की, बोले- भारत के साथ आपका अटूट बंधन

यरुशलम,02 मार्च। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को इजरायल में रहने वाले भारतीय मूल के यहूदियों से मुलाकात की और इजरायल में उनके उल्लेखनीय योगदान को दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु बताया। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, 2023 तक इजरायल में भारतीय मूल के लगभग 85 हजार यहूदी रहते थे।पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय यहूदी समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। भारत से उनका गहरा जुड़ाव और इजरायल में उनका उल्लेखनीय योगदान दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है।विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के साथ उनका अटूट बंधन, पीढ़ियों से चली आ रही परंपराएं और इजरायल के लिए उनका उल्लेखनीय योगदान दोनों देशों को एक-दूसरे से जोड़ता है। उनकी आत्मीयता और साझा विरासत की कहानियां भारत-इजरायल के बीच मित्रता की भावना को दर्शाती हैं। पीएम मोदी से मिलने वालों में यरुशलम से लगभग 75 किलोमीटर दूर स्थित अश्केलोन की पार्षद डॉ. रिकी शाही भी शामिल थीं। उन्होंने मोदी के बारे में कहा कि वह लोगों के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं। यह उनके कार्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। वह ज्यादा बोलते नहीं हैं, लेकिन बहुत कुछ करते हैं। डॉ. शाही ने बताया कि उन्होंने बड़ौदा और अश्केलोन के बीच जुड़वां शहर कार्यक्रम की शुरुआत की है। डॉ. शाही के माता-पिता बड़ौदा के रहने वाले थे। मणिपुर में जन्मे एचआर मैनेजर इसहाक थांगजोन लगभग पांच साल पहले इजरायल आए थे।

## श्रीनगर समेत कई शहरों में खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन, ट्रैफिक डायवर्ट

श्रीनगर ,02 मार्च (एजेंसी। अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आते ही हड़कंप मच गया। इसका असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर उतर आए और अमेरिका व इजरायल के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर ने लोगों में गुस्से और रोष की लहर पैदा कर दी। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और बडगाम समेत कई शहरों में लोग नारे लगाते हुए मार्च कर रहे हैं, जिस वजह से शहरों की कई मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक बाधित हो गया। स्थिति को काबू में करने के लिए अधिकारियों ने कुछ जगहों पर वाहनों का रास्ता बदल दिया। श्रीनगर में भी रविवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। स्थानीय लोग खामेनेई की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और अमेरिका व इजरायल विरोधी नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ने के कारण शहर के कई हिस्सों में पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। हालांकि, प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है लेकिन किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार सुबह दावा किया कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कार्रवाई पूरे हफ्ते या जरूरत पड़ने तक जारी रहेगी। ट्रंप ने खामेनेई को इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक बताते हुए कहा कि उनकी मौत ईरान की जनता के लिए न्याय है।

## अनजाने में गलती हुई, कक्षा 8 की पाठ्यपुस्तक फिर से लिखी जाएगी', एससी की फटकार के बाद एनसीईआरटी ने माफी मांगी

नई दिल्ली 02 मार्च (एजेंसी)। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने कक्षा आठ की पाठ्यपुस्तक में 'न्यायिक भ्रष्टाचार' से संबंधित अध्याय को लेकर की कड़ी आपत्ति के बाद बुधवार को माफी मांग ली। परिषद ने स्पष्ट किया है कि विवादित अध्याय को उपयुक्त अधिकारियों से परामर्श के बाद दोबारा लिखा जाएगा। कोर्ट की फटकार के कुछ ही घंटों के भीतर एनसीईआरटी ने अपनी वेबसाइट से पुस्तक हटा ली और उसके वितरण पर भी रोक लगा दी।

## जम्मू-कश्मीर का बजट आपको आईएमएफ से मिले पैकेज से भी ज्यादा', यूएन में भारत ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

नई दिल्ली 02 मार्च (एजेंसी)। यूएनएचआरसी के 61वें सत्र में भारत ने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार किया। 25 फरवरी को हाई-लेवल सेगमेंट के दौरान 'राइट टू रिप्लाई' का उपयोग करते हुए भारतीय राजनयिक अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।अनुपमा सिंह ने कहा कि पाकिस्तान लगातार झूठा प्रचार कर रहा है और उसकी बयानबाजी में निराशा व ईर्ष्या झलकती है। उन्होंने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि 1947 में जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत पूर्णतः वैध और अंतिम था। साथ ही पाकिस्तान से उन भारतीय क्षेत्रों को खाली करने की अपील की जो उसके अवैध कब्जे में हैं। को भी एक सदस्य देश का इको चैंबर बनने के लिए आड़े हाथों लिया गया।जम्मू-कश्मीर में विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए सिंह ने चिनाव रेल ब्रिज का जिक्र किया, जिसे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल बताया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह की परियोजनाओं को भी फर्जी कहा जा रहा है तो यह वास्तविकता से आंख मूंदने जैसा है।प्रधानमंत्री मोदी ने 6 जून 2025 को चिनाब नदी पर बने इस पुल का उद्घाटन किया था। 359 मीटर ऊंचा यह पुल कश्मीर को भारत के व्यापक रेल नेटवर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।अनुपमा सिंह ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर का हालिया विकास बजट, पाकिस्तान द्वारा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मांगे गए ।

# ममता बनर्जी के सीधे मुख्यमंत्री अभियान का इंस्टाग्राम पेज हुआ हैक

कोलकाता, 02 मार्च [एजेंसी]। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की महत्वाकांक्षी जनसंपर्क अभियान सरासरी मुख्यमंत्री (सीधे मुख्यमंत्री) अभियान का आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज हैक हो गया है।नागरिकों की शिकायतों को सीधे सुनने के लिए शुरू किए गए इस डिजिटल प्लेटफार्म पर हुए इस साइबर हमले ने राज्य प्रशासन के शीर्ष गलियारों में चिंता पैदा कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए नवान्न (राज्य सचिवालय) ने सख्त रुख अपनाया है और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।सूत्रों के मुताबिक, इस डिजिटल पेज का प्रबंधन करने वाली एजेंसी ने बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में लिखित शिकायत दर्ज



कराई है। हैकिंग की जानकारी मिलते ही तुरंत सुरक्षा प्रोटोकॉल सक्रिय किए गए और अकाउंट का पासवर्ड बदला गया। भविष्य की जांच और साक्ष्य के तौर पर साइबर विशेषज्ञों ने अकाउंट के लॉग डिटेल्स, टाइम स्टैम्प और स्क्रीनशाट्स को सुरक्षित रख लिया है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह केवल एक तकनीकी चूक नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण पहल को बाधित करने का प्रयास है। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट ने डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मिलकर आइपी एड्रेस ट्रैकिंग और अकाउंट गतिविधि का विश्लेषण शुरू कर दिया है। नवान्न ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए डिजिटल सुरक्षा को और अधिक अभेद्य बनाया जाएगा।

# केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी से मिले डिप्टी सीएम शर्मा

## कवर्धा बायपास और एनएच-30 के धवईपानी से सिमगा सेक्शन को 4-लेन करने का किया आग्रह

रायपुर ,02 मार्च ( एजेंसी )। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार के अपने नागपुर प्रवास के दौरान भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 ( एनएच-30 ) के धवईपानी ( चिल्फी ) से कवर्धा होते हुए सिमगा तक लगभग 122 किलोमीटर लंबे सेक्शन को 4-लेन में उन्नत करने तथा कवर्धा बायपास के निर्माण की स्वीकृति का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने इस प्रस्ताव को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।



उन्होंने केंद्रीय मंत्री गडकरी को बताया कि हाल ही में एनएच - 30 के जबलपुर से मंडला एवं चिल्फी तक लगभग 160 कि.मी. के सेक्शन को 4-लेन में विकसित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में चिल्फी ( धवईपानी ) से कवर्धा तथा कवर्धा गुरूनाला से सिमगा तक का मार्ग 10 मीटर चौड़ाई की 2-लेन सड़क के रूप में निर्मित है। चिल्फी से रायपुर मार्ग पर वर्तमान में व्यावसायिक एवं भारी वाहनों का अत्यधिक आवागमन होता है। जबलपुर-मंडला-चिल्फी सेक्शन के 4-लेन बनने के बाद यातायात का दबाव आगे के 2-लेन सेक्शन पर और अधिक बढ़ने की संभावना है। ऐसी स्थिति में लोक सुरक्षा एवं यातायात सुगमता के दृष्टिकोण से धवईपानी ( चिल्फी ) से सिमगा ( रायपुर ) तक के पूरे सेक्शन को 4-लेन में उन्नत करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

जबलपुर से रायपुर के मध्य एनएच-30 पर जिला कबीरधाम मुख्यालय कवर्धा स्थित है। यह अंतर्राज्यीय मार्ग व्यावसायिक, सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां प्रतिदिन भारी मालवाहक वाहनों का आवागमन होता है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कवर्धा शहर में भारी यातायात के दबाव को कम करने तथा जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कवर्धा बायपास ( 4 लेन मय पेव्ड शोल्डर ) के निर्माण की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि बायपास निर्माण से शहर के भीतर दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी तथा यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सकेगा। नागपुर से लौटते ही रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि सिमगा से रायपुर तथा धवईपानी से जबलपुर तक 4-लेन निर्माण के आदेश पूर्व में जारी हो चुके हैं, किंतु धवईपानी से सिमगा तक का सेक्शन शेष रह गया था। इस महत्वपूर्ण खंड को भी 4-लेन में विकसित करने हेतु उन्होंने केंद्रीय मंत्री गडकरी से आग्रह किया, जिसे उन्होंने तत्काल स्वीकार करते हुए शीघ्र निर्माण का आश्वासन दिया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा मैं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का हृदय से अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकता को समझते हुए इस महत्वपूर्ण मार्ग को 4-लेन बनाने के लिए सकारात्मक सहमति प्रदान की है। इससे जबलपुर से रायपुर तक आमजन को निर्बाध 4-लेन मार्ग की सुविधा मिल सकेगी।

# टक्कर के बाद ट्रेलर-हाईवा में लगी आग, दोनों चालकों की मौत



रायगढ़ ,02 मार्च ( एजेंसी )। रायगढ़ जिले के रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। घरघोड़ा से कुडुमकेला के बीच कुरकुट नाला के पास एक तेज रफ्तार हाईवा और ट्रेलर के बीच हुई आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों वाहनों के चालकों की केबिन के भीतर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियां पलक झपकते ही आग के गोले में तब्दील हो गईं और ड्राइवरों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि लोग भी चाहकर भी उनकी मदद नहीं कर पाए और देखते ही देखते दोनों चालक आग की भेंट चढ़ गए।

# उरला में पिस्टल के साथ हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद आमीर उर्फ बद्री गिरफ्तार

रायपुर ,02 मार्च ( एजेंसी )। थाना उरला थाना क्षेत्र में अवैध हथियार लेकर घूम रहे हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद आमीर उर्फ बद्री को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।



पुलिस के अनुसार, आरोपी को बीरगांव दुर्गानगर स्थित एक निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स के पास पकड़ा गया। सूचना मिलने पर थाना उरला पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान पिस्टल रखने संबंधी वैध दस्तावेज मांगने पर आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा।

दो दर्जन से अधिक अपराध दर्ज

मोहम्मद आमीर थाना उरला का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ थाना माना, मौदहापारा, खमतराई और उरला में मारपीट, बलवा, लूट, हत्या के प्रयास समेत करीब दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वह पूर्व में कई मामलों में जेल भी जा चुका है और उसके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई भी की जा चुकी है।

आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज-आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 66/26 के तहत धारा 25 आर्म्स एक्ट में मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त ( नॉर्थ जोन ) मयंक गुर्जर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम और सहायक पुलिस आयुक्त पूर्णिमा लामा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने अवैध हथियार रखने और उसकी खरीदी-बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की फिर धमका कर पीड़ित का मोबाइल व बाइक लूटा

रायपुर,02 मार्च ( एजेंसी )। बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नौकरी लगाने के नाम से एकलाखअस्सी हजार रूपये क़ी ठगी कर पीड़ित द्वारा रुपए वापस मांगने पर डरा धमका कर उसके मोबाइल वह हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को लूट कर भागने वालेआरोपी को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना बोधघाट में दिनांक 27 फरवरी को प्रार्थी रूपेश कुमार कश्यप निवासी ग्राम राजनगर टूमलीपाड़ा थाना बकवन जिला बस्तर ने थाना बोधघाट में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कि प्रार्थी ने एस.एस.सी. ( जीडी )की नौकरी के लिए फॉर्म भरा था। जगदलपुर में उसकी की मुलाकात मोहित यादव पिता चंद्रशेखर यादव ग्राम दतावली थाना मटसेना तहसील फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश जो वर्तमान में एल.आई. सी. रोड धरमपुरा जगदलपुर में रहता है से हुआ जो इन्हें बताया कि वह सीआरपीएफके खुफिया पुलिस विभाग में हूं। मेरे ऊपर के लोगों से अच्छी जान पहचान है!जिला सुकमा में सी.आर.पी.एफ का वैकेंसी निकला है फॉर्म भर देना वहां तुम्हारी नौकरी लग जाएगी 3,00,000/ रुपये लगेगा बोला और प्रार्थी को अच्छे से पढ़ना कह कर बुक भी दिलाया। प्रार्थी को ठगी का आभास होने पर वह अपने मोटरसाइकिल से उक्त दिए गए रुपए को वापस मांगने के लिए गया तो आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए डरा धमका कर उसके मोबाइल व हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को लूटकर भाग गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया, टीम के द्वारा आरोपी कोउत्तर बस्तर कांकेर से पकड़कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा अपराध घटित करना कबूल करने तथा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने में टीआई लीलाधर राठौर,उनि ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, सउनि दिनेश उसेंडी,प्रआर अहिलेश नाग,पवन श्रीवास्तव,आरक्षक परमानन्द भोयर, होरीलाल आर्मो हैं।

## 150 नारकोटिक्स टैबलेट के साथ 4 दबोचे, एक नाबालिग बाल सुधार गृह भेजा गया

राजनांदगांव,02 मार्च (एजेंसी)। होली के रंग चढ़ने से पहले नशे का कारोबार जमाने की साजिश पर सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ा प्रहार किया है। लखोली अंडरब्रिज के नीचे नशीली टैबलेट और कैप्सूल की डिलीवरी की तैयारी कर रहे चार आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। मौके से 150 नग नारकोटिक्स टैबलेट/कैप्सूल जब्त किए गए। तीन आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

होली को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिलेभर में विशेष निगरानी रखी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किर्तन राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी नंद किशोर गौतम ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। पुख्ता सूचना मिली कि धमतरी और रायपुर से कुछ युवक नशीली दवाइयों की खेप लेकर बिक्री की फिराक में लखोली अंडरब्रिज के पास पहुंचने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सिविल ड्रेस में रेकी कर घेराबंदी की और मौके से तीन युवकों तथा एक नाबालिग को पकड़ लिया। तलाशी में उनके कब्जे से 150 नग नारकोटिक्स टैबलेट और कैप्सूल बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तम कुमार नगाची, खोमेन्द साहू और रोशन राजपूत, तीनों निवासी कुरूद जिला धमतरी के रूप में हुई है। एक आरोपी रायपुर से जुड़ा बताया जा रहा है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी, दंपत्ति गिरफ्तार

रायपुर,02 मार्च ( एजेंसी )। थाना पदमनाभपुर पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सहायक ग्रेड-3 और एनटीपीसी में एई पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रार्थी से बड़ी रकम वसूल ली थी ।पुलिस के अनुसार प्रार्थी रविकांत साहू, निवासी बोरीगारका ( थाना उतई ) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने पहले मंत्रालय में सहायक ग्रेड-3 पद पर नौकरी लगाने का आश्वासन दिया। जब यह प्रयास सफल नहीं हुआ तो एनटीपीसी में असिस्टेंट इंजीनियर (श्व) पद पर नियुक्ति कराने का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान आरोपियों ने किस्तों में कुल 10 लाख रुपये ले लिए और बाद में फर्जी नियुक्ति पत्र ई-मेल के जरिए भेज दिया ।मामले में थाना पदमनाभपुर में अपराध क्रमांक 143/2026 धारा 420, 467, 468, 120( बी ) भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी प्रिया देशमुख ( 36 वर्ष ) को 28 फरवरी 2026 को गिरफ्तार किया, जबकि सह-आरोपी प्रशांत कुमार देशमुख ( 49 वर्ष ) को 01 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# सीआरपीएफ में नौकरी का झांसा, 1.80 लाख की ठगी के बाद मोबाइल-बाइक लूटकर फरार, यूपी का शातिर जगदलपुर से गिरफ्तार

जगदलपुर, 02 मार्च ( एजेंसी )। सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर पहले 1 लाख 80 हजार रुपये ठगे, और जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल और हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल लूट ली। बस्तर पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

पूरे मामले की कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में की गई। 27 फरवरी 2026 को ग्राम राजनगर टू मलीपाड़ा निवासी 20 वर्षीय रूपेश कुमार कश्यप ने थाना बोधघाट में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि एसएससी ( जीडी ) की नौकरी के लिए फॉर्म भरने के दौरान उसकी मुलाकात मोहित यादव से हुई, जिसने खुद को सीआरपीएफके खुफिया विभाग से जुड़ा बताते हुए ऊंचे संपर्कों का दावा किया। आरोपी ने कहा कि सुकमा में सीआरपीएफ की वैकेंसी निकली है और 3 लाख रुपये देने पर नौकरी पक्की करा देगा। विश्वास जीतने के लिए उसने पढ़ाई करने की सलाह दी और किताब भी दिलवाई।

धीरे-धीरे आरोपी ने किस्तों में 1.80 लाख रुपये ले लिए। जब युवक को ठगी का आभास हुआ तो वह अपनी मोटरसाइकिल से पैसे वापस मांगने गया। आरोप है कि मोहित यादव ने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसका मोबाइल व हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग और नगर पुलिस अधीक्षक अमित देवांगन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सतत खोजबीन के बाद आरोपी को उत्तर बस्तर कांकेर से दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया। 28 फरवरी 2026 को उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आरोपी मोहित यादव ( 26 वर्ष ) मूल रूप से ग्राम दतावली, थाना मटसेना, जिला फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश का निवासी है और वर्तमान में धर्मपुरा एलआईसी रोड, थाना बोधघाट, जगदलपुर में रह रहा था।

# मरीन ड्राइव:पार्किंग है नहीं, सड़क पर बोर्ड लगा पैसे वसूलेगा निगम

रायपुर,02 मार्च( एजेंसी )। अगर आप भी तेलीबांधा तालाब ( मरीन ड्राइव ) जाते हैं और सड़क पर गाड़ी पार्क करते हैं तो आपको चार्ज देना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि नगर निगम तेलीबांधा तालाब आने वाले शहरवासियों से शुल्क वसूलने की तैयारी में है ।यहां आने वाले लोगों को सड़क पर गाड़ी खड़ी करने के लिए पार्किंग शुल्क देना होगा। निगम ने यहां पर इससे संबंधित बोर्ड भी लगा दिया है। लगाए गए पार्किंग बोर्ड के अनुसार तेलीबांधा तालाब के सामने सड़क पर बाइक की 4 घंटे की पार्किंग के लिए 10 और कार पार्क करने पर 20 रुपए वसूले जाएंगे। निगम का दावा है कि इससे तेलीबांधा मुख्य मार्ग में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। क्योंकि यहां पार्क की जाने वाली गाड़ियां व्यवस्थित खड़ी होंगी ।इधर, तेलीबांधा तालाब में रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यह एरिया चौपाटी के रूप में विकसित की गई है। ऐसे में सुबह से लेकर शाम तक यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यही नहीं सुबह और शाम के समय यहां लोग वाक करने भी आते हैं। सामान्य दिनों में इनकी संख्या करीब 500 होती है, लेकिन वीकेंड में यह संख्या दोगुनी हो जाती है ।पैसा वसूलना नहीं, जाम से राहत दिलाना उद्देश्यतेलीबांधा तालाब में मॉर्निंग वाक पर आने वालों से कोई वसूली नहीं होगी। शाम के समय यहां अस्त-व्यस्त गाड़ियां पार्क होती है। व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से इसे शुरू किया जा रहा है न कि पैसे वसूलने के उद्देश्य से। - मीनल चौबे, महापौर पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं : तेलीबांधा तालाब के एक तरफ तो महंगे रेस्टोरेंट्स और दुकानें हैं। वहीं तालाब के एरिया को चौपाटी की तरह विकसित की गई है। ऐसे में यहां बड़ी संख्या में वेंडर ठेले लगाते हैं। यहां समय बिताते हुए खाने का जायका लेने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं। बावजूद इसके यहां पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। दिनभर के काम के बाद रोज शाम को मैं मरीन ड्राइव पर वाक करने आता हूं। निगम का पार्किंग शुल्क वसूलने का निर्णय गलत है। जबकि मरीन ड्राइव के मेंटेनेंस और सफाई पर निगम का ध्यान नहीं है।




## शब्द सामर्थ्य -054


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 053 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

# आठ दिन में बदली तस्वीर: संजू सैमसन के सामने सूर्यकुमार यादव को झुकाना पड़ गया सिर

कोलकाता ,02 मार्च ( एजेंसी )। भारत और वेस्टइंडीज के बीच रविवार को टी20 विश्व कप 2026 का आखिरी सुपर-8 मुकाबला खेला गया। टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारतीय टीम की जीत में सबसे बड़ी भूमिका विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की रही। सैमसन मैच में टीम इंडिया के लिए नायक बनकर उभरे।

भारतीय टीम को मैच जिताने के बाद संजू सैमसन जब पवेलियन की तरफ लौटे तो कप्तान सूर्यकुमार यादव को उनके सामने नतमस्तक होना पड़ा। मैच से आठ दिन पहले हुए प्रेस कांफ्रेंस में संजू सैमसन को लेकर सूर्यकुमार का ऐसा बर्ताव नहीं था, लेकिन 8 दिन में ही संजू ने कप्तान को अपने सामने नतमस्तक होने पर मजबूर कर दिया। आइए पूरी कहानी समझते हैं।

विश्व कप की शुरुआत से भारत बतौर ओपनिंग बल्लेबाज ईशान किशन और अभिषेक शर्मा के साथ खेल रही थी। अभिषेक शर्मा ग्रुप स्टेज में पूरी तरह फ्लॉप रहे थे और लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट हुए थे। उनकी बीमारी की वजह से नामीबिया के खिलाफ संजू को मौका मिला था। उन्होंने 8 गेंद पर 22 रन बनाए थे, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ अगले मैच में फिर से संजू को ड्रॉप कर अभिषेक को प्लेइंग इलेवन में जगह दी गई और अभिषेक पाकिस्तान वाले मैच में शून्य पर आउट हुए।



भारतीय टीम का सुपर-8 का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 फरवरी को था। मैच से एक दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में सूर्यकुमार यादव से पत्रकारों ने सवाल किया कि कई बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे, तो क्या संजू सैमसन को प्लेइंग इलेवन में जगह मिल सकती है? इसके जवाब में सूर्यकुमार यादव ने हंसते हुए कहा था कि क्या आप चाहते हैं कि मैं संजू को अभिषेक शर्मा या तिलक वर्मा की जगह खिलाऊं? संजू को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में मौका नहीं मिला। इस मैच में अभिषेक, तिलक और रिंकू का बल्ला नहीं चला और टीम इंडिया हार गई। टीम इंडिया के लिए सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो गई।

भारत का 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरा सुपर-8 मैच था, जिसमें जीत जरूरी थी। टीम में बदलाव की चर्चा थी। रिंकू सिंह अपने बीमार पिता को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। उनकी जगह सैमसन को टीम में लाया गया और ओपनिंग कराई गई। सैमसन ने 15 गेंद पर 24 रन बनाए। यह पारी छोटी लेकिन प्रभावी थी और भारतीय टीम इसी शुरुआत के दम पर जिम्बाब्वे के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाकर जीत हासिल कर पाई। इसके बाद संजू का प्लेइंग इलेवन में रहना तय हो गया था।

1 मार्च को वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए मैच में भारत के पास जीत एकमात्र विकल्प थी, नहीं तो विश्व कप से बाहर होना पड़ता। वेस्टइंडीज ने भारतीय टीम को 196 रन का लक्ष्य दिया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने एक-एक कर अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या के विकेट गंवा दिए, लेकिन जो पारी की शुरुआत से ही क्रीज पर खड़ा था और तूफानी अंदाज में रन बना रहा था, वह थे संजू सैमसन। सैमसन ने 50 गेंद पर 12 चौकों और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन की पारी खेल भारत का स्कोर 19.2 ओवर में 5 विकेट पर 199 पर पहुंचाकर 5 विकेट से जीत दिला दी। संजू ने बैक टू बैक छक्का और चौका लगाकर टीम को जीत और सेमीफाइनल का टिकट दिलाया। सैमसन अगर क्रीज पर नहीं रुके होते, तो भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल था।

यही वजह रही कि जब टीम को जीत दिलाकर संजू पवेलियन की तरफ लौटे तो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी टोपी हटाकर और सर झुकाकर हंसते हुए उनका अभिवादन किया। महज 8 दिन के अंदर सैमसन ने अपने प्रदर्शन के दम पर कप्तान को अपने सम्मान में झुकने पर मजबूर कर दिया।

## साहिबजादा फरहान ने रचा इतिहास, तोड़ा विराट कोहली का बड़ा रिकॉर्ड

पल्लेकेले,01 मार्च ( एजेंसी )। टी20 विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में पाकिस्तान के साहिबज़ादा फ़रहान ने विराट कोहली को पछाड़ दिया है। श्रीलंका के ख़िलाफ़ पाकिस्तान के सुपर-8 मुक़ाबले से पहले फरहान कोहली से 38 रन पीछे थे, कोहली ने 2014 के टी20 विश्व कप में कुल 319 रन बनाए थे। फ़रहान ने चौका जड़ते हुए 40 रन पूरे किए और यह चौका उन्हें सर्वाधिक रनों के मामले में कोहली से आगे ले गया। फ़रहान इस टूर्नामेंट में शानदार फ़ॉर्म में चल रहे हैं और श्रीलंका के ख़िलाफ़ मुक़ाबले सहित अमेरिका और नामीबिया के ख़िलाफ़ अर्धशतक जड़ते हुए



कुल तीन अर्धशतक लगा चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने नामीबिया के ख़िलाफ़ शतक भी लगाया था।

फरहान ने इस टूर्नामेंट में 158 से अधिक के स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं जबकि कोहली ने 2014 में चार अर्धशतक लगाते हुए 129.14 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। फ़रहान इस टूर्नामेंट में 18 छक्के लगा चुके हैं जो कि एक संस्करण में सर्वाधिक छक्के भी हैं, शिमरॉन हेटमायर ने अब तक इस संस्करण में कुल 17 छक्के लगाए हैं।

पाकिस्तान ने श्रीलंका से यह मुकाबला करीबी अंतर से जीता लेकिन नेट रन रेट में वह न्यूज़ीलैंड से पिछड़कर सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया

## सीएसके के प्री-सीजन कैंप में हिस्सा लेंगे धोनी

नई दिल्ली,01 मार्च ( एजेंसी )। चेन्नई सुपर किंग्स रविवार ( 1 मार्च ) से अपनी आईपीएल की तैयारी शुरू करेगी। मैनेजमेंट ने कन्फर्म किया है कि 24 घंटे में एक कैंप शुरू होगा और सभी भारतीय खिलाड़ी इसके लिए इकट्ठा होंगे। सीएसके के स्टार खिलाड़ी एमएस धोनी भी कैंप का हिस्सा होंगे। फ्रेंचाइजी के सीईओ काशी विश्वनाथन ने शनिवार ( 28 फरवरी ) को क्रिकबज को बताया, 'हां, मैं कन्फर्म कर सकता हूं कि हमारा कैंप कल शुरू होगा और एमएस भी इसका हिस्सा होंगे। हम उम्मीद कर रहे हैं कि रविवार तक सभी यहां आ जाएंगे।' उन्होंने पहले इस वेबसाइट को बताया था कि धोनी आने वाले सीजन में खेलेंगे।

लगभग 15 खिलाड़ी, जो सभी भारतीय हैं, चेन्नई में फ्रेंचाइजी के हाई-परफ़ॉर्मेंस सेंटर में होने वाले तैयारी कैंप में शामिल होने की उम्मीद है। संजू सैमसन और शिवम दुबे जैसे भारत के इंटरनेशनल खिलाड़ी, जो भारतीय टीम का हिस्सा हैं और अभी टी20 वर्ल्ड कप में खेल रहे हैं, इस बड़े इवेंट के खत्म होने के बाद कैंप में शामिल होंगे। श्रेयस गोपाल, जो हाल ही में खत्म हुए रणजी ट्रॉफ़ी फ़ाइनल में खेलने वाली कर्नाटक टीम का हिस्सा थे, भी बाद में रिपोर्ट करेंगे।टी20 वर्ल्ड कप 7 मार्च को खत्म होगा, और ये खिलाड़ी बाद में बाकी टीम के साथ जुड़ेंगे, साथ ही फ्रेंचाइजी के कुछ विदेशी खिलाड़ी और कोच भी शामिल होंगे। अभी के लिए, कैंप की देखरेख असिस्टेंट कोच श्रीधरन श्रीराम और राजीव कुमार करेंगे। मिडिल ईस्ट में युद्ध छिड़ने से, इस बात पर अनिश्चितता बनी हुई है कि विदेशी खिलाड़ी सीज़न के लिए कब और कैसे आएंगे। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि यह लड़ाई कैसे खत्म होती है। सीज़न के सही शेड्यूल के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है।

इस वेबसाइट ने शनिवार को बताया कि आईपीएल 28 मार्च को शुरू हो सकता है क्योंकि बीसीसीआई पहले बताई गई तारीख 26 मार्च से दो दिन बाद सीजन शुरू करने पर विचार कर रहा है। हालांकि, शेड्यूल अगले हफ़्ते किसी समय अनाउंस होने की उम्मीद है।



# व्यापार

## यात्री वाहनों की बिक्री में फरवरी में भी जारी रही तेजी

नई दिल्ली,01 मार्च ( एजेंसी )। वस्तु एवं सेवा कर में कटौती के बाद वाहनों की बिक्री में शुरू हुई दमदार तेजी फरवरी महीने में भी जारी रही। खास बात यह रही कि फरवरी में देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री में मामूली वृद्धि हुई जबकि अन्य कंपनियों की बिक्री में तेज वृद्धि दर्ज की गई। मारुति सुजुकी ने रविवार को बताया कि घरेलू बाजार में उसकी कुल बिक्री 1,64,130 इकाई रही। पिछले साल यह आंकड़ा 1,63,501 इकाई था। हालांकि निर्यात में 56.49 प्रतिशत की अच्छी बढ़ोतरी के कारण उसकी कुल बिक्री में 7.32 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गयी है। माह के दौरान कंपनी ने कुल 39,155 वाहनों का निर्यात किया और उसकी कुल बिक्री 2,13,995 इकाई हो गयी। इसमें दूसरी कंपनी ( सुजुकी ) के बेचे गये 10,710 वाहन भी शामिल हैं।



घरेलू बाजार में कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री 1,61,000 इकाई और हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 3,130 इकाई पर रही। यात्री वाहनों में कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल हैं। टाटा समूह की कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल की घरेलू बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 62,329 इकाई रही। कंपनी ने 1,002 वाहनों का निर्यात किया जो सालाना आधार पर 167 प्रतिशत की वृद्धि दिखता है। इस प्रकार उसकी कुल बिक्री 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 63,331 इकाई दर्ज की गयी। साथ ही उसके इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 57 प्रतिशत बढ़कर 8,385 इकाई पर पहुंच गई।

समूह की वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स की कुल बिक्री 32 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 42,940 इकाई पर रही। इसमें घरेलू बाजार में उसने 4,893 वाहन बेचे जबकि 2,047 वाहनों का निर्यात किया। उनकी सालाना वृद्धि दर क्रमश: 32.8 प्रतिशत और 17.9 प्रतिशत रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा की कुल बिक्री में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी और यह 97,177 इकाई पर पहुंच गयी। इसमें यात्री वाहनों की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 60,018 इकाई, वाणिज्यिक वाहनों की 10 प्रतिशत बढ़कर 24,585 इकाई और तिपहिया की 44 प्रतिशत बढ़कर 9,190 इकाई दर्ज की गयी। कंपनी के निर्यात में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 3,384 इकाई हो गयी। हुंडई मोटर्स इंडिया ने घरेलू बाजार में 52,407 वाहन और विदेश में 13,727 वाहन बेचे। दोनों में क्रमश: 9.8 प्रतिशत और 24.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस प्रकार उसकी कुल बिक्री 12.4 प्रतिशत बढ़कर 66,134 इकाई पर पहुंच गयी। रेनॉ इंडिया की बिक्री में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी और यह 3,495 इकाई पर रही।

## भारत का राजकोषीय घाटा जनवरी के अंत तक 9.8 लाख करोड़ रुपए रहा

नई दिल्ली,01 मार्च ( एजेंसी )। भारत का राजकोषीय घाटा चालू वर्ष 26 की शुरुआत से जनवरी के अंत तक 9.8 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो कि पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 63 प्रतिशत है।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों में बताया गया कि भारत सरकार को जनवरी 2026 तक 27,08,654 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं, जो कि पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित संशोधित अनुमान 79.5 प्रतिशत है। इसमें 20,94,218 करोड़ रुपए कर राजस्व ( केंद्र को प्राप्त शुद्ध राशि ), 5,57,307 करोड़ रुपए गैर-कर राजस्व और 57,129 करोड़ रुपए गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इस अवधि के दौरान भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों को करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में 11,39,767 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 65,588 करोड़ रुपए अधिक है। इस अवधि के दौरान भारत सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 36,90,061 करोड़ रुपए रहा है, जो कि वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित कुल व्यय अनुमान का 74.3 प्रतिशत है।

## भारत में फंसे विदेशी नागरिकों के वीजा की अवधि बढ़ाने की सुविधा




नई दिल्ली,01 मार्च ( एजेंसी )। भारत ने कहा है कि ईरान पर अमरीका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई के कारण उड़ानों के बंद होने के चलते यहां फंसे विदेशी नागरिक अपने वीजा की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय ने रविवार सुबह एक परामर्श जारी कर कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न स्थिति के कारण यहां फंसे जिन विदेशी नागरिकों को अपने यात्रा कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा है वे वीजा संबंधी सुविधाओं के लिए निकट के विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। परामर्श में कहा गया है, ' भारत में सभी विदेशी नागरिक, जिन्हें पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रम की वजह से अपनी यात्रा योजना बदलनी पड़ी हैं और जिन्हें अपने वीज़ा को बढ़ाने या अपने स्टे को नियमित करने में मदद चाहिए, उनसे अनुरोध है कि वे पास के विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। संबंधित कार्यालय ज़रूरी औपचारिकता में मदद करेगा।

गौरतलब है कि ईरान की राजधानी तेहरान पर रविवार तड़के हुए अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और सेना के अनेक शीर्ष अधिकारियों की मौत हो गयी है। इस तनाव से मध्य पूर्व का स्वरूप बदलने का खतरा है। अमरीका और इजरायल के सैन्य अभियान के बाद पश्चिम एशिया में बनी नयी भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच एयर इंडिया ने इन उड़ानों को रद्द करने की घोषणा की है। ये सभी उड़ानें पश्चिम एशिया के ऊपर से होकर गुजरने वाली हैं। नागर विमानन महानिदेशालय ( डीजीसीए ) ने 11 पश्चिम एशियाई देशों की सूची जारी करते हुए विमान सेवा कंपनियों को 02 मार्च तक इनके हवाई क्षेत्र से उड़ान न भरने की सलाह दी है।

## महंगा हो सकता है हवाई सफर, विमान ईंधन की कीमत 5.74 प्रतिशत बढ़ी



नई दिल्ली,01 मार्च ( एजेंसी )। तेल विपणन कंपनियों ने लगातार दो बार की कटौती के बाद रविवार से विमान ईंधन की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में आज से विमान ईंधन की कीमत 5,245 रुपए ( 5.74 प्रतिशत ) बढ़कर 96,638 रुपए प्रति किलोलीटर हो गई है। यह दिसंबर 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। इससे पहले जनवरी और फरवरी में दाम घटाये गये थे। दोनों बार में कीमत में कुल 8,283 रुपए की कटौती की गयी थी जो 9.06 प्रतिशत के बराबर है।

विमान ईंधन के दाम बढ़ने से हवाई सफर महंगा हो सकता है। फ्लाइट के टिकट की कीमत में ईंधन का शुल्क भी शामिल होता है। विमान सेवा कंपनियों के कुल व्यय का लगभग 35-40 प्रतिशत इसी मद में खर्च होता है। पहले से ही दबाव में चल रही विमान सेवा कंपनियों के ईंधन की बढ़ी लागत का बोझ सीधे यात्रियों पर डालने की संभावना है। देश के दूसरे शहरों में भी विमान ईंधन महंगा हुआ है। कोलकाता में इसकी कीमत 5.44 फीसदी बढ़कर 99,587 रुपए और मुंबई में 5.82 प्रतिशत बढ़कर 90,452 रुपए प्रति किलोलीटर पर पहुंच गयी है।

चेन्नई में इस साल पहली बार विमान ईंधन एक लाख रुपए प्रति किलोलीटर के पार पहुंच गया। आज से इसकी कीमत में 5.80 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है और अब यह 1,00,280 रुपये प्रति किलोलीटर का मिलेगा। तेल विपणन कंपनियां हर महीने विमान ईंधन की कीमतों की समीक्षा करती हैं और नयी कीमतें हर महीने की पहली तारीख से लागू की जाती हैं।

# होली बाजार में बच्चों को भा रही इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी



## 4 मार्च को मनाएंगे होली, मेला मैदान बुधवारी में लगी रंग-गुलाल की दुकानें

कोरबा( छ.ग.गौरव )। शहर में होली की तैयारियां जोरों पर हैं। त्योहार से पहले ही बुधवारी मेला मैदान सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर रंगों की दुकानें सज गई हैं। इलेक्ट्रॉनिक गन, हाइप्रेशर पाइप वाली पिचकारी और नए डिजाइन के खिलौने बच्चों की पहली पसंद बने हुए हैं। वहीं बाजार में इस बार मिट्टी से बने नगाड़े नहीं मिल पा रहे, जिससे खरीदार निराश हैं।

होली 4 मार्च को मनाई जाएगी। 2 मार्च की रात विभिन्न समितियां अपने निर्धारित समय पर होलिका दहन करेंगी। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होने के कारण रंग पर्व अगले दिन मनाया जाएगा। इस बीच स्कूल, कॉलेज, संस्था और कार्यालयों में होली मिलन समारोह भी शुरू हो चुके हैं। होली का त्योहार सभी वर्ग के लोगों में उत्साह भरता है, लेकिन बच्चों में इसका उत्साह अलग ही दिखाई देता है। इस बार बाजार में सुपरहीरो, राजनीतिक किरदार, कार्टून, भूत और कंकाल जैसे मुखौटे खूब बिक रहे हैं। इसके अलावा सिलेंडर रंग और मैजिक बैलून भी बच्चों की पहली पसंद बने हुए हैं। समय के साथ पिचकारी भी आधुनिक हो गई है। बाजारों में म्यूजिक वाली पिचकारी, इलेक्ट्रॉनिक गन और हाइप्रेशर पाइप वाली पिचकारी आकर्षण का केंद्र हैं। फव्वारा और मैजिक बैलून की भी अच्छी मांग है। हालांकि चाइना सामान की बिक्री थोड़ी कम हुई है, लेकिन हाईटेक पिचकारियों का क्रेज बच्चों में बरकरार है।

### खुले गुलाल की जगह पैकेट व हर्बल गुलाल की डिमांड

इस बार बाजार में हर्बल और खुशबूदार गुलाल का ट्रेंड बढ़ गया है। खुले गुलाल की बिक्री पहले के मुकाबले कम हुई है। दुकानदारों का कहना है कि लोग पैकेट वाले और त्वचा के अनुकूल हर्बल गुलाल को अधिक पसंद कर रहे हैं।

### बाजार में रंगोत्सव की रौनक, खरीदारी बढ़ने की उम्मीद

दुकानदार बताते हैं कि कोविड के बाद बाजार की रौनक बढ़ी है और इस बार खरीदारी अच्छी रहने की उम्मीद है। शहर के गली-मोहल्लों में भी रंग-गुलाल की दुकानें सज चुकी हैं और ग्राहकों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है।

## होली के दौरान अलर्ट मोड पर होगी आपातकालीन सेवा

### सरकारी अस्पतालों में 24 घंटे डॉक्टर व स्टाफ की रहेगी ड्यूटी

कोरबा( छ.ग.गौरव )। होली का खुमार एक-दो दिन पहले ही शुरू हो जाता है इसलिए स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग द्वारा लोकेशन पर मौजूद में इमरजेंसी सर्विस के 108 व 112 की टीम को अलर्ट कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इमरजेंसी सर्विस को कंट्रोल कमांड से सूचना मिलते ही निकट लोकेशन से इमरजेंसी सर्विस की टीम पहुंचेगी और घायलों को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। घायलों के पहुंचने पर अस्पताल को भी सूचना दी जाएगी जिससे वहां स्टाफ केस अटैंड करने के लिए तैयार रहे।




होली के दौरान आपातकालीन सेवा के लिए जिले में तैयारी कर ली गई है। सरकारी अस्पतालों में 24 घंटे डॉक्टर व स्टाफ की ड्यूटी सुनिश्चित रहेगी। मेडिकल कॉलेज में विशेष रूप से तैयारी रहेगी। रिजर्व बेड व दवाओं की भी व्यवस्था की गई है। ज्यादातर केस घटना-दुर्घटना ना में घायल होने के होते हैं इसलिए ट्रामा के लिए रिजर्व मैनेजमेंट पर ध्यान दिया गया है। इमरजेंसी सर्विस के वाहनों को भी अलर्ट किया गया है। रंगो के पर्व होली के दौरान जिले में घटना-दुर्घटना होने पर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी अस्पतालों में तैयारियां कर ली है। दरअसल त्योहार के दौरान अधिकांश लोगों के नशे में होने की स्थिति में एक्सीडेंट, विवाद-मारपीट, हमला जैसी घटनाएं अक्सर होते हैं। इस तरह की कोई आपातकालीन स्थिति हो तो घायलों को अविलंब अस्पताल में चिकित्सा सुविधा मिल सके इसके लिए होली के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे के लिए अलग से डॉक्टर व चिकित्सा स्टाफ की ड्यूटी तय की गई है। हालांकि विधानसभा सत्र चलने से छुट्टियां रद्द होने की वजह से सामान्य दिनों की तरह ही सरकारी अस्पताल खुले रहेंगे और डॉक्टर समेत अन्य कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे।

**अलग से 2 बेड किए गए रिजर्व** –इसी तरह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी होली से संबंधित गंभीर केस में त्वरित चिकित्सा सुविधा के लिए कैजुअल्टी में अलग से 2 बेड रिजर्व किए गए हैं, हालांकि सामान्य केस होने पर कैजुअल्टी में अन्य बेड में भर्ती रखकर इलाज किया जाएगा। ज्यादा गंभीर केस होने की स्थिति में रायपुर रेफर किया जाएगा। इमरजेंसी सर्विस के लिए हेल्पलाइन नंबर 108, 112 व पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 9479193399 को जारी किया गया है।

**सर्जिकल और ट्रामा टीम की 24 घंटे रहेगी तैनाती** – होली के दौरान नशे में लोगों के वाहन चलाने की वजह से एक्सीडेंट ज्यादा होते हैं और सर्वाधिक केस सड़क पर गिरने से हेड इंजरी के होते हैं। इसलिए विकासखंड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ट्रामा केस के जिए रिजर्व मैनेजमेंट की व्यवस्था की गई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कैजुअल्टी में रिजर्व बेड और दवाओं के साथ टीम को तैयार रखा जाएगा। विशेष रूप से सर्जिकल और ट्रामा टीम को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि घायलों को त्वरित उपचार मिल सके।

## शांतिपूर्ण ढंग से पर्व संपन्न कराने पुलिस ने कसी कमर

### अभियान चलाकर 97 वारंटियों को दबोचा

कोरबा( छ.ग.गौरव )। जिले में होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पुलिस ने कमर कस ली है। इसके लिए पुलिस ने सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत लंबे समय से फरार वारंटियों की धरपकड़ तेज कर दी है। अभियान के तहत 97 वारंटियों को दबोचा गया है, जिसमें 30 स्थायी वारंटी शामिल हैं। पुलिस ने पकड़े गए वारंटियों को वैधानिक कार्रवाई उपरांत कोर्ट में पेश कर दिया है।



होली पर्व में असामाजिक तत्व उत्पात मचा सकते हैं। उनकी करतूत से आम लोगों की खुशी में खलल पड़ सकता है। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कोर्ट से जमानत लेने के बाद लंबे समय से फरार वारंटियों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। उनके निर्देश एएसपी लखन पटले के मार्गदर्शन में तमाम थाना चौकी प्रभारियों ने सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत वारंटियों की धरपकड़ शुरू कर दी है। अभियान के तहत अलग अलग थाना चौकियों में 67 गिरफ्तारी व 30 स्थायी वारंटी भी पकड़े गए हैं। इनमें कुछ वारंटी बीते कई साल से फरार चल रहे थे। पुलिस उनकी लगातार पतासाजी कर रही थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई उपरांत वारंटियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य होली में असामाजिक तत्वों व वारंटियों पर प्रभावी नियंत्रण है, ताकि पर्व के दौरान किसी भी गड़बड़ी न हो। बहरहाल होली के ठीक पहले पुलिस के विशेष अभियान से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

## छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में पकाया जा रहा भोजन

### सुरक्षा कारणों से ट्रेनों की पेंट्रीकार में खाना पकाने पर पूरी तरह से है प्रतिबंध

कोरबा( छ.ग.गौरव )। रेलवे बोर्ड के सख्त निर्देशों के बावजूद ट्रेनों में अवैध रूप से खाना पकाया जा रहा है। बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर खड़ी कोरबा-अमृतसर (छत्तीसगढ़) एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में रविवार को खुलेआम भोजन पकाया जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि आईआरसीटीसी के जिम्मेदार अधिकारियों को इस मनमानी की जानकारी नहीं है।



रेलवे बोर्ड ने सुरक्षा कारणों से ट्रेनों की पेंट्रीकार में खाना पकाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। नियमों के अनुसार पेंट्रीकार में केवल बेस किचन से लाया गया खाना ही सर्व किया जा सकता है, लेकिन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में इसकी अनदेखी की जा रही है। तीन इलेक्ट्रिक हीटरों पर दाल, चावल और सब्जियां पक रही थीं। स्टाफ ने तर्क दिया कि यह खाना कर्मियों के लिए बनाया जा रहा है, जबकि नियमों के अनुसार उनके लिए भी खाना बेस किचन से ही आना चाहिए। नियमों के तहत आईआरसीटीसी के अधिकारियों को नियमित अंतराल पर पेंट्रीकार की जांच करनी होती है, लेकिन यह सक्रियता केवल कागजों तक सीमित है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब वाणिज्य विभाग के अधिकारी निरीक्षण पर निकलते हैं, तभी आईआरसीटीसी का अमला सक्रिय दिखता है। अधिकारियों की मानें तो ट्रेनों की पेंट्रीकार व्यवस्था आईआरसीटीसी के जिम्मे है। यदि छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में नियमों का उल्लंघन हो रहा है, तो क्षेत्रीय प्रबंधक को इससे अवगत कराया जाएगा और जांच की जाएगी।

## इस माह 38 से 40 तक पहुंच सकता है पारा

### अधिकतम और न्यूनतम तापमान में होगा इजाफा

कोरबा( छ.ग.गौरव )। मार्च के साथ ही गर्मी की शुरूआत मान ली जाती है। मार्च में अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक पहुंचेगा और यह भी संभव है कि यह 40 डिग्री को छू जाए। इस बार भी मार्च में गर्मी सताएगी और लोगों को दिक्कत महसूस होगी, लेकिन बारिश हो गई तो कुछ दिनों के लिए राहत भी मिल सकती है।



मार्च की शुरू होने के साथ ही गर्मी महसूस होने लगी है। सुबह अन्य दिनों की तरह ठंड महसूस नहीं हुई। हवा शुष्क रही और आसमान पर बादल नजर नहीं आए। आसमान साफ होने के कारण तापमान ज्यादा बढ़ा। यह बढ़ते हुए दोपहर में सीजन में पहली बार 32 डिग्री के पार पहुंच गया। यह सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक रहा। एक दिन पहले ही तापमान 30 डिग्री रिकॉर्ड से अधिक दर्ज हुआ था। जो कि इस बार फरवरी का सर्वाधिक अधिकतम तापमान भी रहा। यानी 24 घंटे में ही शहर का तापमान दो डिग्री से ज्यादा बढ़ गया। न्यूनतम तापमान तो और ज्यादा बढ़ा। यह 21 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ जो कि सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक रहा। इसकी वजह से रात के समय गर्मी महसूस हुई। पहले न्यूनतम तापमान 17 डिग्री था। मौसम विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो मार्च में दिन का तापमान प्रतिदिन बढ़ता है। महीने के पहले पखवाड़े में अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री तक पहुंच जाता है, जबकि महीने के अंत तक यह बढ़कर 38 डिग्री या उससे अधिक पहुंच सकता है। इस बार न्यूनतम तापमान औसतन 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी रात का तापमान बादल की वजह से ज्यादा रिकॉर्ड हो रहा है, लेकिन बादल छंटने पर ये कम हो जाएगा। आने वाले दिनों में अधिकतम के साथ ही न्यूनतम तापमान भी बढ़ेगा। मार्च के दूसरे पखवाड़े में अधिकतम तापमान के 38 से 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। मार्च ट्रांजिशनल पीरियड वाला माह है। इस महीने में मौसम बहुत तेजी से सर्दी से गर्मी की ओर शिफ्ट करता है। यही वजह है कि मार्च की गर्मी लोगों को ज्यादा महसूस होती है। फरवरी तक वातावरण में सर्दी की नमी और ठंडक बनी रहती है, लेकिन मार्च आते-आते सूर्य की किरणें लम्बवत पड़ने लगती हैं।

## मानिकपुर कोयला खदान के विस्तार में फंसी फोरलेन सड़क

### कोल मिनिस्ट्री को भेजा जाएगा प्रस्ताव

कोरबा( छ.ग.गौरव )। एनएचएआई की उरगा-कटघोरा हाईवे की फोरलेन सड़क के लिए 10 साल बाद भी जमीन फाइनल नहीं हो पाई है। मानिकपुर कोयला खदान के विस्तार से मामला फिर फंसा हुआ है। इसके लिए कोल मिनिस्ट्री को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद सर्वे होगा। दूसरी बार एलाइनमेंट चेंज करने की तैयारी है। 51 गांवों की जमीन की खरीदी बिक्री पर 1 साल से रोक लगी है। जिससे लोग परेशान हैं।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने वर्ष 2017 में चांपा से कटघोरा के बीच फोरलेन सड़क को दो चरणों में बनाने का निर्णय लिया था। पहले चरण में उरगा से चांपा के बीच सड़क बन चुकी है। यह फोरलेन सड़क बरबसपुर से बालको रिंग रोड पर कुरूडीह मोड़ के पास आकर रुक गई है। दूसरे चरण में उरगा से कटघोरा फोरलेन सड़क बननी है। इसके लिए पहले 999 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली थी। उस समय सड़क की लंबाई 40 किमी थी, लेकिन लोगों ने अधिक मुआवजा पाने जमीन के कई टुकड़े कर दिए। पहले परसाभाठा, जामबहार से होकर फोरलेन सड़क बननी थी, लेकिन बाद में एलाइनमेंट ही बदल दिया गया। अब यह सेक्टर-4 के बाहर से बेला होते हुए गुजरेगी। इसके लिए सितंबर 2024 में 42.1 किमी सड़क बनाने 1593 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। सर्वे के लिए एनएचएआई की टीम गूगल नक्शे का परीक्षण किया तो वहां कोल ब्लॉक और लिथियम ब्लॉक नजर आ रहा है। दोनों ही खदानों की सीमा अभी तय नहीं है। इस वजह से जमीन अधिग्रहण के लिए खसरा नंबर तय नहीं हो पा रहा है। अब कोयला मंत्रालय से मंजूरी लेने के बाद सर्वे कराया जाएगा। इससे सबसे अधिक परेशान ग्रामीण हैं। प्रशासन ने प्रस्तावित गांव की जमीन को बिना अनुमति के खरीदी बिक्री पर रोक लगाई है। इसमें निगम क्षेत्र की बस्ती भी प्रभावित है। जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगने की वजह से परिवार के बीच बंटवारा नहीं कर पा रहे हैं। डायवर्सन नहीं हो रहा है। निगम से मकान बनाने एनओसी नहीं मिल रही है। किसी तरह का बड़ा प्रोजेक्ट भी यहां शुरू नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से लोग परेशान हैं। खरीदी बिक्री पर रोक नवंबर 2024 से लगी है। सर्वे नहीं होने के कारण यह भी तय नहीं है कि कहां कितनी जमीन अधिग्रहित की जाएगी।

## यातायात पुलिस की टीम ने व्यावसायिक क्षेत्रों में बढ़ाई पेट्रोलिंग

कोरबा( छ.ग.गौरव )। होली पर्व के लिए बाजार के सजकर तैयार होने के साथ ही खरीदारी - करने लोग बाहर निकलने लगे हैं। इस कारण से शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों के बाजार में भीड़ बढ़ने के साथ यातायात का दबाव बढ़ने लगा है। इस -दौरान लोग दुकानों में खरीदारी के लिए जाते समय सड़क पर ही बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ी कर रहे हैं। इस कारण शहर के पावर हाउस रोड और घंटाघर-निहारिका मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। आमजन को आवाजाही में परेशानी हो रही है। जिसे ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस की टीम लगातार व्यावसायिक क्षेत्रों में पेट्रोलिंग कर रही है। इस दौरान पुलिस अधिकारी लाउड स्पीकर के जरिए वाहन चालकों और आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ी नहीं करने की अपील कर रहे हैं। साथ ही नियमों की अनदेखी करने पर वाहनों के चक्के पर लॉक लगाने व चालान की चेतावनी देने के बाद भी नहीं मानने वालों पर सीधे कार्रवाई की जा रही है।

## 10 आरोपियों से 117.7 लीटर शराब जप्त

कोरबा( छ.ग.गौरव )। जिले भर में होली के मद्देनजर विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अलग अलग क्षेत्र में शराब बनाने व बेचने वाले दस आरोपी पकड़े गए। उनकी निशानदेही पर 117.7 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने होली पर्व में अवैध शराब सहित मादक पदार्थ की बिक्री कर रंग में भंग डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। उनके निर्देश एएसपी लखन पटले व नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले भर के थाना चौकी प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाते हुए शराब बनाने व बेचने वाले दस आरोपियों को पकड़ लिया।



पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों में महिला भी शामिल हैं। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 117.7 लीटर शराब जप्त किया है। मामले में आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक किशोर शर्मा द्वारा कावेरी प्रिंटर्स, सी-35,प्रेस काम्पलेक्स टी.पी. नगर कोरबा ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित संपादक किशोर शर्मा, पंजीयन क्रमांक 7585/61 फोन नं. 07759-357623